www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

सोशल मीडिया पर भारत संवाद
https://x.com/BharatSamvad
www.facebook.com/bharatsamvad.in
www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n
E-Paper bharatsamvad.live

मौसम
अधिकतम तापमान 35.c
28.c न्यूनतम तापमान

बाजार
सोना 95.770g
चांदी 78.800 kg

2 चिंताजनक राह पर बांग्लादेश, पाकिस्तान-चीन से नजदीकी भारत के लिए ठीक नहीं

प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप का शाहजहांपुर दौरा 04

वर्ष :08 | अंक :300 | मुंबई ,मंगलवार , 22 अप्रैल , 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2:00 रुपए

## संक्षिप्त समाचार

### संभल में कार और ट्रक की टक्कर में दो बच्चों की मौत, आठ घायल

संभल के बनियाठेर थाना क्षेत्र में सोमवार की सुबह ट्रक को ओवरटेक करते समय एक कार की टक्कर होने से दो बच्चों की मौत हो गयी और आठ अन्य लोग घायल हो गये। पुलिस ने यह जानकारी दी। बनियाठेर थाना के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) रामवीर सिंह ने बताया कि आज सुबह चंदौसी-मुरादाबाद मार्ग पर एक कार और ट्रक की टक्कर में दो बच्चों आर्यंश (4) और अक्षत राय (साढ़े तीन साल) की मौत हो गयी जबकि आठ लोग घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए मुरादाबाद रेफर कर दिया गया है। एसएचओ ने बताया कि दोनों बच्चों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना की जांच की जा रही है। पीड़ित परिवार के वीरपाल ने बताया कि आज सुबह हमारे परिजन ओमनी वैन से पतरोया गांव, चंदौसी से ताजपुर के रामपुर गांव जा रहे थे, तभी यह हादसा हुआ।

### असम में एक व्यक्ति ने पत्नी का गला काटा, सिर के साथ पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया

असम में एक व्यक्ति ने कथित तौर पर पत्नी का सिर काट कर उसकी हत्या कर दी और कटा सिर लेकर पुलिस थाने में आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना शनिवार रात असम के चिरांग जिले में हुई। उन्होंने बताया कि आरोपी ने कथित तौर पर पत्नी की हत्या करने के बाद कटे हुए सिर के साथ बल्लमगुड़ी पुलिस चौकी जाकर आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। हत्या के कारण के बारे में पूछे जाने पर पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, हम फिलहाल कुछ नहीं कह सकते। हमें जांच पूरी होने का इंतजार करना होगा। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि आरोपी दिहाड़ी मजदूर है और उसने घरेलू विवाद के बाद पत्नी की हत्या कर दी।

# नहीं रहे ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस

**लंबी बीमारी के बाद 88 साल की उम्र में निधन ,पोप फ्रांसिस के निधन पर पीएम मोदी ने अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं**

**प्रधानमंत्री ने कहा**

छोटी उम्र से ही उन्होंने प्रभु ईसा मसीह के आदर्शों को साकार करने के लिए खुद को समर्पित कर दिया था. उन्होंने गरीबों और वंचितों की पूरी लगन के साथ सेवा की और जो लोग पीड़ित थे, उनके लिए उन्होंने आशा की भावना जगाई.

एजेंसी

नई दिल्ली। पोप फ्रांसिस का सोमवार सुबह निधन हो गया। कार्डिनल केविन फेरेल ने यह घोषणा की। कार्डिनल केविन फेरेल वेटिकन के कैमरलेंगो हैं। कैमरलेंगो की पदवी उन कार्डिनल या उच्चस्तरीय पादरी को दी जाती है जो पोप के निधन या उनके इस्तीफे की घोषणा के लिए अधिकृत होते हैं। फेरेल ने घोषणा की, रोम के बिशप, पोप फ्रांसिस आज सुबह 7.35 बजे यीशु के घर लौट गए। उनका पूरा जीवन यीशु और उनके चर्च की सेवा के लिए समर्पित था। उन्होंने कहा, उन्होंने (पोप ने) हमें ईसोपदेश के मूल्यों को निष्ठा, साहस और सार्वभौमिक प्रेम के साथ जीना सिखाया, विशेष रूप से सबसे गरीब और सबसे हाशिए पर पड़े लोगों के लिए। फेरेल ने कहा कि प्रभु यीशु के सच्चे शिष्य के रूप में अपार कृतज्ञता के साथ, हम पोप फ्रांसिस की आत्मा को ईश्वर के असीम, दयालु प्रेम को सौंपते हैं।



**पोप फ्रांसिस को राहुल ने करुणा-न्याय-शांति की बताया वैश्विक आवाज, प्रियंका ने उनके निधन को विश्व के लिए एक क्षति करार दिया**

पोप फ्रांसिस का सोमवार सुबह निधन हो गया। कार्डिनल केविन फेरेल ने यह घोषणा की। पोप फ्रांसिस के निधन के बाद देश-दुनिया के नेताओं ने अपना शोक प्रकट किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने भी पोप फ्रांसिस के निधन पर शोक जताया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि करुणा, न्याय और शांति की वैश्विक आवाज परम पावन पोप फ्रांसिस के निधन से बहुत दुखी हूँ। वे दलितों और हाशिए पर पड़े लोगों के साथ खड़े रहे, असमानता के




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को पोप फ्रांसिस के निधन पर शोक व्यक्त किया और कहा कि दुनिया भर में लाखों लोग उन्हें हमेशा करुणा, विनम्रता और आध्यात्मिक साहस के प्रतीक के रूप में याद रखेंगे। पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, परम पावन पोप फ्रांसिस के निधन से मुझे गहरा दुख हुआ है। दुख और स्मरण की इस घड़ी में, वैश्विक कैथोलिक समुदाय के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं। पोप फ्रांसिस को दुनिया भर के लाखों लोगों द्वारा करुणा, विनम्रता और आध्यात्मिक साहस के प्रतीक के रूप में हमेशा याद किया जाएगा।

### पोप के साथ मुलाकातों को किया याद

प्रधानमंत्री ने आगे कहा, मैं उनके साथ अपनी मुलाकातों को याद कर रहा हूं. मैं उनके समावेशी और ऑल-राउंड डेवलपमेंट के प्रति उनकी प्रतिबद्धता से बेहद प्रेरित हुआ. भारत के लोगों के प्रति उनका स्नेह हमेशा संजोया जाएगा. उनकी आत्मा को शांति मिले.

# 'हमारी सरकार जिन नीतियों पर काम कर रही है, वे अगले हजार वर्षों का भविष्य तय करेगी': पीएम मोदी

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में 17वें सिविल सेवा दिवस के अवसर पर सिविल सेवकों को संबोधित किया**

मोदी ने सिविल सेवकों से गरीबों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील होने, उनकी आवाज सुनने, उनकी संवेदनशीलता का सम्मान करने और उनकी समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता देने को कहा। साथ में केंद्रीय राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह और प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव शक्तिकांत दास.

एजेंसी

नयी दिल्ली: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि उनकी सरकार जिन नीतियों पर काम कर रही है, वे अगले एक हजार वर्षों का भविष्य तय करेंगी. सोमवार को नई दिल्ली में 17वें सिविल सेवा दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत के समग्र विकास का मतलब है कि कोई भी गांव, कोई भी परिवार और कोई भी नागरिक पीछे न छूटे. उन्होंने कहा, आज हम जिन नीतियों पर काम कर रहे हैं और जो निर्णय ले रहे हैं, वे अगले 1,000 वर्षों के भविष्य को आकार देंगे. मोदी ने कहा कि भारत का आकांक्षी समाज-युवा, किसान और महिलाएं हैं. और इसके सपने अभूतपूर्व ऊंचाइयों पर पहुंच रहे हैं. उन्होंने कहा, इन असाधारण आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए असाधारण गति आवश्यक है.प्रधानमंत्री ने कहा कि शासन की गुणवत्ता इस बात से निर्धारित होती है कि योजनाएं लोगों तक कितनी गहराई से पहुंचती हैं. उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में भारत वृद्धिशील परिवर्तन से आगे बढ़कर प्रभावशाली परिवर्तन देखने को मिला है. मोदी ने कहा कि प्रौद्योगिकी के युग में शासन का मतलब प्रणालियों का प्रबंधन करना नहीं है, बल्कि संभावनाओं को बढ़ाना है. भारत द्वारा 2023 में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि 'जनभागीदारी' के दृष्टिकोण ने इस आयोजन को जन आंदोलन में बदल दिया और दुनिया ने इसे स्वीकार किया.




▶▶उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल में भारत धीमी गति के परिवर्तन से आगे बढ़कर अब प्रभावशाली बदलाव देख रहा है। उन्होंने कहा, भारत शासन, पारदर्शिता और नवोन्मेष में नए मानक स्थापित कर रहा है।

# चुनाव में गड़बड़ी साफ दिख रही : अमेरिका में बोले राहुल गांधी

**सवाल उठाया- महाराष्ट्र में शाम 5:30 से 7:30 के बीच 65 लाख वोट कैसे पड़े**



एजेंसी

बोस्टन , कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने अमेरिका के बॉस्टन में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव पर सवाल उठाए। उन्होंने रविवार शाम भारतीय प्रवासियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह साफ है कि भारतीय चुनाव आयोग समझौता कर चुका है। इस सिस्टम में कुछ गड़बड़ी है।राहुल 2 दिन के अमेरिका दौरे पर हैं। राहुल गांधी शनिवार देर रात को अमेरिका के बॉस्टन एयरपोर्ट पर उतरे थे। वे यहां रोड आइलैंड स्थित ब्राउन यूनिवर्सिटी का दौरा करेंगे, जहां वे फैकल्टी और छात्रों से बातचीत करेंगे। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने राहुल गांधी के इस दौरे की जानकारी पर दी थी। राहुल बोले- मैं कई बार कह चुका हूं कि महाराष्ट्र में जितने बालिग नहीं हैं, उससे ज्यादा वोटिंग हुई। चुनाव आयोग ने हमें साढ़े पांच बजे वोटिंग का आंकड़ा बताया।इसके बाद 5:30 से शाम 7:30 के बीच 65 लाख वोटिंग हुई। उन्होंने कहा कि 2 घंटे में 65 लाख वोटिंग नामुमकिन है। एक वोटर को वोट डालने में करीब 3 मिनट लगते हैं। अगर आप गणित लगाएंगे तो पता चलेगा कि रात 2 बजे तक वोटर्स की लाइन लगनी चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।पात्रा ने यह भी कहा कि जो लोग 50,000 रुपए की जमानत पर बाहर हैं।

कांग्रेस सांसद ने कहा- हमने चुनाव की वीडियोग्राफी मांगी तो आयोग ने साफ मना कर दिया। इतना ही नहीं, उन्होंने कानून भी बदल दिया, ताकि हम आगे वीडियो के बारे में सवाल न कर सकें।राहुल गांधी के बयान पर भारतीय जनता पार्टी की भी प्रतिक्रिया भी आई है। बीजेपी नेता संबित पात्रा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर राहुल गांधी पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं।

**संबित पात्रा ने कहा**

विदेशी धरती पर देश का अपमान करना राहुल गांधी की पुरानी आदत है। वे लंबे समय से ऐसा करते आ रहे हैं। ईडी ने अपनी चार्जशीट में राहुल गांधी और सोनिया गांधी के नाम का उल्लेख किया है और देश को लूटने के लिए उन्हें जेल भी जाना पड़ सकता है। कांग्रेस पार्टी पूरे देश में अशांति का माहौल बना रही है।

### ममता बनर्जी ने सालबोनी में 1,600 मेगावाट के ताप विद्युत संयंत्र की आधारशिला रखी

पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने मेदनीपुर जिले के सालबोनी में 1600 मेगावाट के थर्मल पॉवर प्लांट की आधारशिला रखी.

एजेंसी

सालबोनी (पश्चिम बंगाल) : पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को पश्चिम मेदिनीपुर जिले के सालबोनी में 1,600 मेगावाट के अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल थर्मल पॉवर प्लांट की आधारशिला रखी और दावा किया कि यह राज्य में औद्योगिक और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए एक बड़ा कदम है.जेएसडब्ल्यू एनर्जी द्वारा 16,000 करोड़ रुपये के निवेश से निर्मित किए जाने वाले इस संयंत्र में 800 मेगावाट की दो इकाइयां होंगी.

# मुर्शिदाबाद हिंसा :सुप्रीम कोर्ट ने पूछा-क्या राष्ट्रपति को आदेश दें

**केंद्रीय बलों की तैनाती से इनकार किया, वकील के दावों पर भी सवाल उठाए**

जस्टिस सूर्यकांत की बेंच में मुर्शिदाबाद हिंसा से जुड़ी दूसरी याचिका पर सुनवाई हुई। इसमें वकील ने मुर्शिदाबाद हिंसा के चलते लोगों के पलायन की बात कही। सुप्रीम कोर्ट ने वकील से सवाल किया कि आपकी इस सूचना का सूत्र क्या है, क्या आपने खुद जांच की थी। इस पर वकील ने जवाब दिया- मीडिया रिपोर्ट्स।

एजेंसी

नई दिल्ली ,सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू करने और पैरामिलिट्री फोर्स तैनात करने की याचिका पर कोई आदेश जारी करने से इनकार कर दिया। याचिकाकर्ता ने अपील की थी कि वक्फ कानून के विरोध में हुई मुर्शिदाबाद हिंसा के बाद कोर्ट इस पर फैसला ले। इस पर जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की बेंच ने कोई आदेश नहीं दिया। बेंच ने याचिकाकर्ता से पूछा- क्या आप चाहते हैं कि हम राष्ट्रपति को इसे लागू करने का आदेश भेजें? हम पर दूसरों के अधिकार क्षेत्र में दखलंदाजी के आरोप लग रहे हैं। जस्टिस गवई अगले महीने बनने वाले हैं। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने शनिवार को कहा था कि कोर्ट अपनी सीमाओं से बाहर जा रहा है। वहीं, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ बोले थे कि अदालतें राष्ट्रपति को आदेश नहीं दे सकते। जज सुपर पार्लियामेंट की तरह काम कर रहे हैं।

### हाईकोर्ट का सुझाव- हिंसा प्रभावित इलाके का दौरा हो

कलकत्ता हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल के हिंसा प्रभावित मुर्शिदाबाद जिले में केंद्रीय बलों की तैनाती जारी रखने पर 17 अप्रैल को आदेश सुरक्षित रख लिया था। जस्टिस सौमेन सेन और जस्टिस राजा बसु चौधरी की बेंच नेता विपक्ष सुवेंदु अधिकारी की याचिका पर सुनवाई कर रही है। जिले के संवेदनशील इलाकों में केंद्रीय बलों की 17 कंपनियां तैनात हैं। सुवेंदु अधिकारी ने अपील की है कि विस्थापित लोगों की उनके घरों में वापसी के लिए राज्य सरकार की तरफ से कदम उठाए जाने के निर्देश दिए।



# ....आज भारत बोलता है तो दुनिया कान खोलकर सुनती है' : राजनाथ सिंह

**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सिरोही में आयोजित ब्रह्माकुमारीज के कार्यक्रम को संबोधित किया**

▶▶अब भारत को कोई रोक नहीं सकता : उन्होंने कहा कि पहले भारत की बात को गंभीरता से नहीं लिया जाता था. आज भारत बोलता है तो दुनिया कान खोलकर सुनती है. पहले भारत को भिखारियों का देश कहा जाता था.

एजेंसी

सिरोही : रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार के आबूरोड दौरे पर रहे. यहां उन्होंने ब्रह्माकुमारी में आयोजित सुरक्षा सेवा प्रभाग के कार्यक्रम में भाग लिया. कार्यक्रम में राजनाथ सिंह का संस्थान के पदाधिकारियों ने स्वागत किया. इसके साथ ही सेना के अधिकारियों ने रक्षा मंत्री की मौजूदगी में संस्थान के साथ एक एमओयू भी किया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आत्म रूपांतर बीज है और राष्ट्रीय रूपांतर फल है. पूरी दुनिया में जिस तरह की स्थिति है, उसमें संस्थान की थीम बहुत उपयोगी है. भारत की सभी सीमाएं सुरक्षित हैं. दुनिया में विभिन्न समस्याओं के बाद भी भारत प्रगति कर रहा है. आज आर्थिक क्षेत्र में प्रगति हुई है. अब भारत को कोई रोक नहीं सकता है. दो साल के बाद अर्थ व्यवस्था में भारत तीसरी बड़ी शक्ति बनेगा. आजादी के 100 वर्ष पूरा होते-होते भारत पहले नंबर तक पहुंचेगा. यह इसीलिए होगा कि हमारी सीमाएं सुरक्षित है. सेनाओं की वजह से देश के लोग चैन की सांस ले पा रहे हैं.यह आध्यात्मिक शक्ति : उन्होंने कहा कि मनुष्य अपने जीवन में अपनी कृतियों से विभूषित होता है. यहां का वातावरण अद्भुत है, जिसकी कल्पना नहीं की जा सकती है.



# प्रशांत किशोर ने दी राज्यव्यापी आंदोलन की धमकी

किशोर ने कहा कि अगर राज्य की एनडीए सरकार हमारी तीन मांगें नहीं मानती है, तो जन सुराज 11 मई से राज्य भर के 40,000 राजस्व गांवों में हस्ताक्षर अभियान चलाएगा। उन्होंने कहा कि 11 जुलाई को हम एक करोड़ लोगों से हस्ताक्षर एकत्र करने के बाद सरकार को ज्ञापन सौंपेंगे।

एजेंसी

जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने सोमवार को बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के खिलाफ राज्यव्यापी आंदोलन शुरू करने की धमकी दी। उन्होंने कहा कि अगर वह जाति सर्वेक्षण कार्यान्वयन, भूमि वितरण और भूमि सर्वेक्षण में भ्रष्टाचार से संबंधित तीन प्रमुख मांगों को पूरा करने में विफल रहती है तो वह आंदोलन शुरू करेंगे। किशोर ने सरकार को एक महीने की समयसीमा दी, अगर मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो हस्ताक्षर अभियान, बड़े पैमाने पर लामबंदी और मानसून सत्र के दौरान विधानसभा का घेराव करने की चेतावनी दी।किशोर ने कहा कि अगर राज्य की एनडीए सरकार हमारी तीन मांगें नहीं मानती है, तो जन सुराज 11 मई से राज्य भर के 40,000 राजस्व गांवों में हस्ताक्षर अभियान चलाएगा। उन्होंने कहा कि 11 जुलाई को हम एक करोड़ लोगों से हस्ताक्षर एकत्र करने के बाद सरकार को ज्ञापन सौंपेंगे।



**हमला** **कांग्रेस लड़ेगी और विफल करेगी: चिदंबरम**

# सोनिया, राहुल की प्रतिष्ठा धूमिल करने के लिए किया गया हमला

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने सोमवार को आरोप लगाया कि पार्टी के शीर्ष नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी की ईमानदारी तथा प्रतिष्ठा की धूमिल करने के मकसद से नेशनल हेराल्ड मामले में आरोप पत्र दाखिल किया गया। पूर्व वित्त मंत्री ने यह भी कहा कि सोनिया और राहुल गांधी पर इस राजनीतिक हमले का कांग्रेस पुरजोर विरोध करेगी और इसे नाकाम करेगी। चिदंबरम ने संवाददाताओं से बातचीत में नेशनल हेराल्ड मामले का ब्यौरा दिया और सवाल किया, अपराध कहां है? कहां हैं अपराध की कमाई ? भ्रष्टाचार का पैसा कहां है? कहां है धनशोधन का अपराध? उन्होंने कहा, मैं समझता हूं कि पीएमएलए अदालत ने अभी तक ईडी की शिकायत (या आरोप पत्र) का संज्ञान नहीं लिया है। उन्होंने दावा किया कि बुनियादी बात यह है कि पैसे का कोई लेन-देन नहीं है। चिदंबरम का कहना था, पैसे के बिना अपराध की कमाई नहीं होती, अपराध की आय के बिना, कोई धनशोधन नहीं होता है। धनशोधन हुए बिना ईडी का कोई अधिकार क्षेत्र नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी की ईमानदारी और प्रतिष्ठा को निशाना बनाने के लिए सत्ता का खुला दुरुपयोग किया गया है। कांग्रेस नेता ने कहा, इस मामले के तथ्यों से यह स्पष्ट है कि ईडी अपने राजनीतिक आकाओं के इशारे पर प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस के नेताओं के खिलाफ प्रतिशोध की कार्रवाई कर रही है। चिदंबरम ने इस बात पर जोर दिया कि पूरी कांग्रेस पार्टी अपने नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी पर इस राजनीतिक हमले का विरोध करेगी, लड़ेगी तथा इसे नाकाम करेगी। उन्होंने कि इस मामले में सत्य की जीत होगी और न्याय होगा। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नेशनल हेराल्ड मामले में कथित तौर पर 988 करोड़ रुपये के धनशोधन के लिए यहां एक विशेष अदालत में कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी सहित अन्य के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया है। कांग्रेस नेता ने कहा, इस मामले के तथ्यों से यह स्पष्ट है कि ईडी अपने राजनीतिक आकाओं के इशारे पर प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस के नेताओं के खिलाफ प्रतिशोध की कार्रवाई कर रही है। चिदंबरम ने इस बात पर जोर दिया कि पूरी कांग्रेस पार्टी अपने नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी पर इस राजनीतिक हमले का विरोध करेगी, लड़ेगी तथा इसे नाकाम करेगी। उन्होंने कि इस मामले में सत्य की जीत होगी और न्याय होगा।



"प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नेशनल हेराल्ड मामले में कथित तौर पर 988 करोड़ रुपये के धनशोधन के लिए यहां एक विशेष अदालत में कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी सहित अन्य के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया है।

# रेवंत रेड्डी ने जापान यात्रा के दौरान ओसाका एक्सपो में तेलंगाना जोन का उद्घाटन किया



एजेंसी

नयी दिल्ली। जापान की यात्रा पर गए मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने सोमवार को ओसाका एक्सपो में भारत मंडप में तेलंगाना जोन का उद्घाटन किया। यहां जारी आधिकारिक बयान में कहा गया कि तेलंगाना ओसाका एक्सपो में शामिल होने वाला पहला भारतीय राज्य बन गया है। ओसाका एक्सपो पांच साल में एक बार आयोजित किया जाता है। उन्होंने कहा कि राज्य इस प्रदर्शनी में दुनिया भर से आने वाले आगंतुकों के लिए अपनी कला, संस्कृति, व्यापार और पर्यटन क्षमता का प्रदर्शन करेगा। निवेशकों को आकर्षित करने के अलावा, राज्य के मुख्यमंत्री ने जापान यात्रा के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में तेलंगाना के विकास के लिए जापानी एजेंसियों से सहयोग मांगा। रेड्डी ने 17 अप्रैल को हैदराबाद मेट्रो रेल चरण-2 परियोजना के लिए जापान अंतरराष्ट्रीय सहयोग एजेंसी (जेआईसीए) से लगभग 11,700 करोड़ रुपये का ऋण मांगा था।

❍ ओसाका एक्सपो पांच साल में एक बार आयोजित किया जाता है। उन्होंने कहा कि राज्य इस प्रदर्शनी में दुनिया भर से आने वाले आगंतुकों के लिए अपनी कला, संस्कृति, व्यापार और पर्यटन क्षमता का प्रदर्शन करेगा।

## सम्पादकीय

### अमर्यादित-अनावश्यक बयान, आलोचना की भी अपनी एक मर्यादा

लोकतंत्र में कोई भी आलोचना से परे नहीं हो सकता और न होना चाहिए लेकिन उसका एक तरीका होता है। उन्हें यह ध्यान रखना चाहिए था कि आलोचना की भी अपनी एक मयार्दा होती है। समस्या यह है कि भाजपा के कई नेता रह-रहकर इस मयार्दा का उल्लंघन करके पार्टी को संकट में डालने का काम करते हैं।भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने जैसी कठोर भाषा का इस्तेमाल करते हुए सुप्रीम कोर्ट को निशाने पर लिया, उसकी कहीं कोई आवश्यकता नहीं थी। उन्होंने देश में चल रहे कथित गृह युद्धों के लिए सीधे-सीधे सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश को ही जिम्मेदार ठहरा दिया। समझना कठिन है कि वह किन गृह युद्धों की बात कर रहे हैं।इसकी भी अनदेखी नहीं की जा सकती कि वर्तमान प्रधान न्यायाधीश का कार्यकाल छह माह का है और वह भी खत्म होने जा रहा है।ऐसा लगता है कि निशिकांत दुबे वक्फ संशोधन कानून पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों से क्षुब्ध थे, लेकिन क्या उन्हें यह पता नहीं कि अभी इस मामले पर कोई फैसला नहीं आया है। संभवतः उन्होंने सुप्रीम कोर्ट पर निशाना साधने के पहले कुछ सोच-विचार करने की आवश्यकता नहीं समझी। इसमें कोई दो राय नहीं हो सकती कि वह जरूरत से ज्यादा बोल गए और गलत तरीके से बोल गए। वह लगातार चौथी बार लोकसभा के सदस्य चुने गए हैं। वह वरिष्ठ सांसद ही नहीं हैं, उनकी गिनती भाजपा के प्रमुख नेताओं में होती है।यह ठीक है कि वह अपने बेबाक बयानों के लिए जाने जाते हैं, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि कुछ भी बोल दें। लगता है कि उन्हें यह भी स्मरण नहीं रहा कि वह सत्तारूढ़ दल के सांसद हैं। उनका बयान कितना अधिक आपत्तिजनक था, इसे इससे समझा जा सकता है कि भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने उनके कथन से किनारा कर लिया और उसे उनका निजी वक्तव्य करार दिया, लेकिन इससे नुकसान की भरपाई होने वाली नहीं है। उन्होंने अपनी पार्टी और सरकार को तो असहज किया ही, विपक्ष को भी हमलावर होने का अवसर दे दिया।ऐसा लगता है कि निशिकांत दुबे पर इसका कहीं कोई असर नहीं पड़ा कि भाजपा अध्यक्ष को उनके बयान को उनका निजी विचार ठहराना पड़ा, क्योंकि इसके बाद उन्होंने पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त को निशाने पर ले लिया। स्पष्ट है कि इसके लिए भी उन्हें आलोचना और निंदा का सामना करना पड़ रहा है। यह स्वाभाविक भी है। ऐसा नहीं है कि सुप्रीम कोर्ट की कार्यप्रणाली और उसके फैसलों की आलोचना नहीं हो सकती।लोकतंत्र में कोई भी आलोचना से परे नहीं हो सकता और न होना चाहिए, लेकिन उसका एक तरीका होता है। उन्हें यह ध्यान रखना चाहिए था कि आलोचना की भी अपनी एक मयार्दा होती है।

## आज का विचार




## राशिफल



**मेष राशि:** आपके लिए सामान्य रहेगा आप किसी बात विवाद में फंस सकते हैं. तथा आपका अपने अधिकारी वर्गों से मतभेद हो सकते हैं, जिस कारण आपको कार्यक्षेत्र में प्रॉब्लम आ सकती है. स्वास्थ्य का ध्यान रखें, मौसम के कारण स्वास्थ्य में गिरावट महसूस होगी.

**वृषभ राशि:** आपके लिए कुछ अच्छा रहने वाला है, आपके अंदर एक पॉजिटिव ऊर्जा काम करती दिखाई देगी. कल आप नेगेटिव थॉट से बचें, यह आपके लिए अच्छे रहेगा.

**मिथुन राशि:** आपके लिए बहुत अच्छा रहने वाला है, जिस कारण आपका मन प्रसन्न दिखाई देगा. कल आपका कोई बहुत पुराना रुका हुआ कार्य पूरा हो सकता है, जिससे बड़े आर्थिक लाभ की स्थिति बनेगी. नौकरी वर्ग के लोगों के लिए विशेष पदोन्नति मिल सकती है.

**कर्क राशि:** आपके लिए कुछ परेशानी वाला हो सकता है. कल आपको लोन आदि चुकाने के लिए भारी मशक्कत करनी पड़ सकती है, जिस कारण आपको कहीं अपमानित भी होना पड़ सकता है. कल आर्थिक क्षेत्र में ज्यादा उल-फेर करना आपके लिए ठीक नहीं रहेगा.

**सिंह राशि:** आपका मन अशांत रहेगा, जिसका एक कारण आपका स्वास्थ्य भी हो सकता है. कल स्वास्थ्य के चलते आपको कुछ समस्याएं महसूस होगी. परिवार में किसी अपने का स्वास्थ्य भी बिगड़ सकता है. व्यापार-व्यवसाय में स्थिति सामान्य रहेगी, लेकिन किसी नुकसान की संभावना नहीं दिखती.

**कन्या राशि:** आपके लिए कोई खुशखबरी लेकर आने वाला रहेगा. कल आपके परिवार में किसी का जॉब लगने से आपकी आर्थिक स्थिति में काफी सुधार दिखाई पड़ेगा, जिस कारण घर में एक खुशी का माहौल देखने को मिलेगा. यदि आप नौकरी करते हैं, तो आपको अपने अधिकारी वर्ग से सपोर्ट प्राप्त होगा.

**तुला राशि:** आप कुछ महत्वपूर्ण कार्य करने का मन में विचार बना सकते हैं, जो सफल होगा, साथ ही आपको नौकरी में आपके अधिकारी वर्गों से विशेष सम्मान और पदोन्नति प्राप्त हो सकती है.

**वृश्चिक राशि:** आप किसी नए कार्य के लिए मन में प्लान बना सकते हैं, जिस कारण आप किसी मित्र से आर्थिक सपोर्ट मांग सकते हैं. परंतु कल आपका काम अधूरा रह सकता है, जिस कारण थोड़ा मन अशांत रहेगा.

**धनु राशि:** आप किसी कार्य को लेकर काफी परेशान होंगे, साथ ही कार्य के लिए आप कहीं बाहर की यात्रा पर जा सकते हैं. आपका कोई महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट कल रुक सकता है, जिस कारण आपको काफी नुकसान उठाना पड़ सकता है. कल व्यापार व्यवसाय में स्थिति कुछ विपरीत दिखाई देगी.

**मकर राशि:** दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहेगा. आप कोई नया कार्य करने का मन में विचार बना रहे हैं, जिसमें आपको सफलता प्राप्त होगी. कल आपका मन आध्यात्मिक ऊर्जा से भरा रहेगा, जिस कारण घर में मांगलिक कार्य के योग बन सकते हैं या आप किसी धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं. नौकरी वर्ग वालों के लिए कल का दिन अच्छा रहेगा.

**कुंभ राशि:** आपके लिए शानदार रहेगा. आप किसी विशेष कार्य को लेकर जो योजना बना रहे हैं, वह सफल होगी. साथ ही आपको कोई महत्वपूर्ण पद से नवाजा जा सकता है, जिस कारण सामाजिक राजनीतिक क्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा. पारिवारिक दृष्टि से कल का दिन अच्छा रहने वाला है. पुराने विवादों को भूलकर परिवार में सामंजस्य की स्थिति देखने को मिलेगी.

**मीन राशि:** आपके लिए उतार-चढ़ाव से भरा रहेगा. व्यापार आदि को लेकर नौकरी को लेकर आपके मन में चिंताएं बनी रहेंगी. आर्थिक रूप से परेशान दिखाई देंगे. कल आप व्यापार-व्यवसाय में परिवर्तन करने से बचें. साथ ही किसी को बड़ी धनराशि कल उधर के रूप में देना आपके लिए ठीक नहीं रहेगा.

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# चिंताजनक राह पर बांग्लादेश, पाकिस्तान-चीन से नजदीकी भारत के लिए ठीक नहीं

> चीन बांग्लादेश का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार होने साथ एक प्रमुख रक्षा आपूर्तिकर्ता भी बन गया है। हालांकि बांग्लादेश चीन और भारत के बीच संबंधों को संतुलित करने की बात करता है पर तटीय बांग्लादेश में चीनी-वित्तपोषित बुनियादी ढांचा विशेषकर मोंगला पोर्ट और मुंशीरहाट के पास चीन की मजबूत रणनीतिक उपस्थिति भारत-बांग्लादेश संबंधों के लिए सकारात्मक नहीं कही जा सकती है।

भारत-बांग्लादेश के बीच रणनीतिक-सांस्कृतिक-व्यापारिक संबंधों का एक लंबा इतिहास रहा है। भारत की न सिर्फ बांग्लादेश की आजादी की लड़ाई में अहम भूमिका थी, बल्कि उसके आर्थिक और लोकतांत्रिक विकास में भी इसका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। शेख हसीना के अपदस्थ होने के बाद से बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख बने मोहम्मद यूनुस बांग्लादेशी चरमपंथियों के साथ मिलकर इन ऐतिहासिक संबंधों को कमजोर कर रहे हैं। वह भारतीय हितों की अनदेखी कर इस क्षेत्र में नई भूराजनीति को हवा दे रहे हैं।मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में बांग्लादेश की नई करवट ले रही विदेश नीति में ढाका की इस्लामाबाद और बीजिंग से बढ़ती ह्यनई दोस्तीह्न भारत के रणनीतिक हितों की दृष्टि से महत्वपूर्ण घटना है। खासकर रणनीतिक रूप से संवेदनशील सिलीगुड़ी कारिडोर के संबंध में, जिसे अक्सर ह्यचिकन नेकह्न कहा जाता है। सिलीगुड़ी कारिडोर उत्तरी बंगाल में भूमि की एक 22 किलोमीटर चौड़ी पट्टी है, जो भारत के पूर्वोत्तर राज्यों को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ती है। यह नेपाल, बांग्लादेश और भूटान से घिरा हुआ है और चीन नियंत्रित तिब्बत के करीब है।इस कारिडोर में होने वाली किसी भी घटना को भारत राष्ट्रीय अखंडता और सामरिक दृष्टि से सीधे खतरे के रूप में



देखता है। इस ह्यचिकन नेकह्न से 100 किलोमीटर से भी कम दूरी पर मुंशीरहाट स्थित है, जो भारत की सीमा के पास बांग्लादेश के खुलना डिविजन में स्थित है। खबर है कि हाल में वहां चीन ने बुनियादी ढांचागत विकास के नाम पर अपना एक नया रक्षा केंद्र खोला है। मुंशीरहाट एक ऐसे भौगोलिक क्षेत्र में आता है, जहां कोई भी विदेशी उपस्थिति भारत के लिए रणनीतिक रूप से खतरनाक होती है।गत वर्ष नेतृत्व संभालने के बाद से मोहम्मद यूनुस ने चीन के साथ बांग्लादेश के संबंधों को गहरा करने के लिए सक्रिय रूप से प्रयास किया है। पिछले दिनों बीजिंग यात्रा के दौरान मोहम्मद यूनुस ने चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग से विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की, जिसमें चीनी ऋणों पर ब्याज दरों में कमी और बांग्लादेश में चीनी विनिर्माण इकाइयों का स्थानांतरण शामिल है। हाल में चीन ने भी व्यापक निवेश और सैन्य सहयोग के माध्यम से बांग्लादेश में अपनी उपस्थिति का काफी विस्तार किया है। यह चीन की व्यापक ह्यस्ट्रिंग आफ पर्ल्सह्न रणनीति का एक हिस्सा है, जिसका उद्देश्य भारत को चीनी-मित्र राज्यों और सामरिक संपत्तियों के नेटवर्क से घेरना है।उल्लेखनीय रूप से बांग्लादेश में पनडुब्बी बेस के निर्माण से उसकी नौसैनिक क्षमताएं बढ़ी हैं और बंगाल की खाड़ी में उसकी रणनीतिक पहुंच का विस्तार हुआ है। इसके अतिरिक्त चीन ने बांग्लादेश में विभिन्न परियोजनाओं में 25 अरब डालर से अधिक का निवेश किया है, जिससे वह उसका एक प्रमुख आर्थिक भागीदार बन गया है। बांग्लादेश में चीनी ऋणों द्वारा वित्तपोषित पद्मा ब्रिज रेल लिंक, मोंगला पोर्ट एवं दक्षिण-पश्चिमी जिलों के बीच संपर्क मार्ग का निर्माण और बंगाल की खाड़ी में दोनों देशों की सेनाओं के बीच सहयोग अभ्यास में वृद्धि ढाका तथा बीजिंग की नई रणनीतिक साझेदारी का प्रमाण है।चीन बांग्लादेश का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार होने साथ एक प्रमुख रक्षा आपूर्तिकर्ता भी बन गया है। हालांकि बांग्लादेश चीन और भारत के बीच संबंधों को संतुलित करने की बात करता है, पर तटीय बांग्लादेश में चीनी-वित्तपोषित बुनियादी ढांचा, विशेषकर मोंगला पोर्ट और मुंशीरहाट के पास चीन की मजबूत रणनीतिक उपस्थिति भारत-बांग्लादेश संबंधों के लिए सकारात्मक नहीं कही जा सकती है। यही कारण है कि दक्षिणी बांग्लादेश में चीनी फर्मों से जुड़ी हाल की सड़क संपर्क और अंतरदेशीय जलमार्ग परियोजनाओं पर भारत ने चिंता जाहिर की है।बांग्लादेश को सबक सिखाने के लिए भारत ने उसे अपनी जमीन के जरिये कारोबार करने की दी गई सुविधा वापस ले ली है। इसके जरिये भारत ने बांग्लादेशी निर्यात को अपनी भूमि के माध्यम से किसी तीसरे देश में जाने की अनुमति दी थी। इस सुविधा के खत्म होने से बांग्लादेश के व्यापार, विशेष रूप से रेडीमेड कपड़ों के निर्यात में बाधा उत्पन्न होने के साथ लागत में वृद्धि हो सकती है। हाल में हुए बैंकाक में बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मोहम्मद यूनुस से मुलाकात की। बातचीत में प्रधानमंत्री मोदी ने ऐसी बयानबाजी से बचने के महत्व पर जोर दिया, जो द्विपक्षीय संबंधों को और अधिक तनावपूर्ण बना सकती है। साथ ही उन्होंने बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समूहों, विशेष रूप से हिंदुओं के खिलाफ हिंसक व्यवहार पर चिंता व्यक्त की तथा अत्याचारों की गहन जांच की वकालत की, परंतु उस पर इन कदमों का क्षणिक प्रभाव होगा।ऐसा संभव है कि भारत का यह कदम बांग्लादेश को चीन के साथ संबंधों को मजबूत करने के लिए प्रेरित करे। ऐसे में भारत को अपनी रणनीति का पुनर्मूल्यांकन करते हुए एक दीर्घकालिक रणनीति बनानी होगी जिससे अपने पड़ोस में चीन के बढ़ते प्रभाव को नियंत्रित किया जा सके, क्योंकि जिस प्रकार से महाशक्तियां बंदरगाहों, गलियारों और डिजिटल बुनियादी ढांचे के माध्यम से दूसरे देशों पर प्रभाव डालती हैं, उसी प्रकार बांग्लादेश की दक्षिण-पश्चिमी सीमाएं उभरती हुई इंडो-पैसिफिक प्रतिद्वंद्विता में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं।

# यूपीएससी की तैयारी में कोचिंग संस्थानों की भूमिका

**विजय गर्ग**

यूपीएससी की तैयारी में कोचिंग संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जानें, सिविल सेवा परीक्षा में उम्मीदवारों को सफल होने में मदद करने के लिए संरचित शिक्षण, विशेषज्ञ मार्गदर्शन और प्रमुख संसाधनों की पेशकश करें।यूपीएससी की तैयारी में कोचिंग संस्थानों की भूमिका: यूपीएससी (संघ लोक सेवा आयोग) परीक्षा भारत में इच्छुक सिविल सेवकों के लिए सबसे चुनौतीपूर्ण परीक्षाओं में से एक है। व्यापक पाठ्यक्रम, विस्तृत परीक्षा पैटर्न और उच्च प्रतियोगिता उम्मीदवारों के लिए सफल होने के लिए एक रणनीतिक और सुव्यवस्थित दृष्टिकोण अपनाना आवश्यक बनाती है। यह वह जगह है जहां यूपीएससी की तैयारी में कोचिंग संस्थानों की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। कोचिंग संस्थान मार्गदर्शन, संरचित योजनाओं और संसाधनों की पेशकश करते हैं जो परीक्षा की तैयारी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

एज्इस सूचनात्मक गाइड में, हम यूपीएससी कोचिंग के लाभों का अवलोकन करेंगे, समझेंगे कि आईएएस के लिए कोचिंग की क्या भूमिका है, और बहुचर्चित प्रश्न पर चर्चा करेंगे, क्या यूपीएससी की तैयारी के लिए कोचिंग आवश्यक हैयूपीएससी की तैयारी में कोचिंग संस्थानों की भूमिका यूपीएससी उम्मीदवारों की तैयारी को आकार देने में कोचिंग संस्थान महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ये संस्थान उम्मीदवारों के कच्चे ज्ञान के बीच व्यवस्थित दृष्टिकोण के लिए एक पुल के रूप में काम करते हैं जो जटिल यूपीएससी पाठ्यक्रम से निपटने के लिए आवश्यक है। ये संस्थान वर्तमान मामलों के अपडेट से लेकर परीक्षा रणनीतियों तक एक समग्र ढांचा प्रदान करते हैं, जो उम्मीदवारों को व्यापक सामग्री के माध्यम से नेविगेट करने में मदद करता है।यूपीएससी की तैयारी में कोचिंग संस्थानों की भूमिका को



निम्नलिखित बिंदुओं के माध्यम से संक्षेप में प्रस्तुत किया जा सकता है: संरचित शिक्षण दृष्टिकोण: यूपीएससी कोचिंग संस्थान एक संरचित पाठ्यक्रम प्रदान करते हैं जो विशेष रूप से पाठ्यक्रम के हर पहलू को कवर करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह हर उम्मीदवार को ट्रैक पर रहने में मदद करता है, जिससे उन्हें अनावश्यक विषयों पर समय बर्बाद करने से रोका जा सके। विशेषज्ञ मार्गदर्शन: अनुभवी संकाय तक पहुंच के साथ, जिन्हें परीक्षा की आवश्यकताओं की पूरी समझ है। ये अनुभवी संकाय मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान करते हैं, टिप्स साझा करते हैं, और छात्रों को प्रभावी ढंग से उत्तर लिखने के तरीके के बारे में मार्गदर्शन करते हैं, जो मुख्य परीक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। नियमित मूल्यांकन: नियमित परीक्षण, मॉक परीक्षा और संस्थानों में आयोजित अभ्यास सत्र उम्मीदवारों को उनकी प्रगति का आकलन करने में मदद करते हैं। ये आकलन न केवल ज्ञान का परीक्षण करते हैं बल्कि समय प्रबंधन कौशल को भी बढ़ाते हैं, जो वास्तविक परीक्षा के दौरान आवश्यक हैं। अध्ययन सामग्री: कई कोचिंग सेंटर संक्षिप्त और अद्यतित अध्ययन सामग्री प्रदान करते हैं। ये नोट्स और किताबें व्यापक शोध के बाद तैयार की जाती हैं और परीक्षा के प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए क्यूरेट की जाती हैं। पीयर लर्निंग: एक कोचिंग संस्थान में पर्यावरण अक्सर स्वस्थ प्रतियोगिता और सहकर्मी सीखने को बढ़ावा देता है। साथी उम्मीदवारों के साथ विभिन्न विषयों पर चर्चा करने से संदेह को स्पष्ट करने, ज्ञान बनाने और विभिन्न दृष्टिकोणों को प्राप्त करने में मदद मिलती है। वैकल्पिक विषयों पर मार्गदर्शन: एक वैकल्पिक विषय चुनना प्रत्येक यूपीएससी आकांक्षी के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय है। कोचिंग संस्थान वैकल्पिक विषयों के चयन और तैयारी में विस्तृत और एक-से-एक मार्गदर्शन और समर्थन प्रदान करते हैं, जो सफलता में एक निर्णायक कारक हो सकता है। यूपीएससी की तैयारी के लिए कोचिंग की आवश्यकता यूपीएससी के उम्मीदवारों के बीच लगातार सवाल है, क्या यूपीएससी क्रैक करने के लिए कोचिंग जरूरी है इस प्रश्न का उत्तर एक सरल हां या नहीं नहीं है, क्योंकि यह पूरी तरह से और काफी हद तक एक व्यक्ति की सीखने की शैली, अनुशासन और संसाधनों पर निर्भर करता है।

स्व-तैयारी बनाम कोचिंग: कई पूर्व उम्मीदवारों ने स्व-अध्ययन द्वारा यूपीएससी परीक्षा को सफलतापूर्वक मंजूरी दे दी है। हालांकि, जो लोग एक अनुशासित दिनचर्या को बनाए रखना चुनौतीपूर्ण पाते हैं या इस बारे में भ्रमित होते हैं कि कहां से शुरू करना है, विशेष रूप से कोचिंग से लाभ हो सकता है। कोचिंग संस्थानों द्वारा प्रदान किया गया संरचित मार्गदर्शन स्पष्टता प्रदान करके समय और प्रयास बचा सकता है। सही दिशा में मार्गदर्शन: इच्छुक उम्मीदवारों के लिए जो परीक्षा प्रक्रिया में नए हैं या बड़े पैमाने पर पाठ्यक्रम से अभिभूत महसूस करते हैं, कोचिंग संस्थान सही दिशा प्रदान कर सकते हैं। वे जटिल विषयों को समझने योग्य टुकड़ों में तोड़ने में मदद करते हैं और यह सुनिश्चित करते हैं कि उम्मीदवार अपनी तैयारी यात्रा के दौरान प्रेरित रहें। जबकि यूपीएससी कोचिंग संस्थान मदद कर सकते हैं, यह याद रखना आवश्यक है कि कोचिंग एक जादू का समाधान नहीं है। यूपीएससी में सफलता औपचारिक कोचिंग के साथ या बिना कड़ी मेहनत, दृढ़ता और आत्म-अध्ययन पर निर्भर करती है।आईएएस प्रीप्रेशन के लिए कोचिंग की भूमिका आईएएस के लिए कोचिंग की भूमिका विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि इसमें कई चरण शामिल हैं, प्रत्येक परीक्षण विभिन्न कौशल सेट- प्रीलिम्स (वस्तुनिष्ठ प्रश्न), मेन्स (वर्णनात्मक उत्तर), और व्यक्तित्व परीक्षण (साक्षात्कार)। कोचिंग संस्थान हर चरण के लिए विशेष प्रशिक्षण प्रदान करते हैं, जो अकेले आत्म-अध्ययन के माध्यम से प्राप्त करना संभव नहीं हो सकता है।प्रारंभिक रणनीतिः कोचिंग संस्थान प्रीलिम्स के लिए शॉर्टकट तकनीक, क्विज और मॉक टेस्ट प्रदान करते हैं। बहुविकल्पीय प्रश्नों से निपटने और नकारात्मक चिह्नों से बचने के तरीके पर प्रशिक्षण प्रदान करके। मेन्स तैयारी: मेन्स परीक्षा के लिए, लेखन अभ्यास महत्वपूर्ण है।

कोचिंग संस्थान उम्मीदवारों को उत्तर की संरचना करने, प्रभावी ढंग से समय का प्रबंधन करने और स्पष्ट रूप से जानकारी प्रस्तुत करने के बारे में मार्गदर्शन करते हैं, जो उनकी सामग्री पर प्रकाश डालता है और उम्मीदवार अच्छे अंक प्राप्त कर सकते हैं। साक्षात्कार मार्गदर्शन: कोचिंग सेंटर उम्मीदवारों को व्यक्तित्व परीक्षण की तैयारी करने में भी मदद करते हैं।

# ग्लोबल वार्मिंग के लिए अमेरिका, इंग्लैंड और यूरोपीय देश जिम्मेदार

**संजीव ठाकुर**

ग्लोबल वार्मिंग या धरती की उष्णता की जब भी कहीं चर्चा होती है तो यह निश्चित तौर पर अमेरिका,इंग्लैंड और तमाम यूरोपीय देश जिसमें फ्रां, इटली, कनाडा इजरायल ऑस्ट्रेलिया न्यूजीलैंड तथा पश्चिम एशिया के धनवान देश में इस्तेमाल की जा रही ऊर्जा के कारण जहां वातानुकूलित मशीने, कल कारखाने, मोटर वाहन एवं अन्य ऐसी मशीने जिनसे कार्बन डाइऑक्साइड एवं दूषित हवा वायुमंडल में फैलती है ही बड़े जिम्मेदार होते हैं और इसका खामियाजा दक्षिण एशिया दक्षिण अफ्रीका और छोटे-छोटे देश को उठाना पड़ता है। ग्लोबल वार्मिंग के उपाय के लिए आयोजित बड़े-बड़े सम्मेलनों में यही बड़े देश अपनी जिम्मेदारी छोटे-छोटे देश पर डालकर निवृत्ति हो जाते हैं। जबकि सारा किया कराया इन्हीं देशों का होता है और छोटे-छोटे देश को इसके लिए नियमन पालन की जिम्मेदारी सौंप जाती है। भारत जैसे विकासशील देश में ही जहां गरीबी ने अपना परचम फैला रखा है। शहरों में पेट्रोल ,डीजल, केरोसिन से चलने वाली गाड़ियों और वातानुकूलित यंत्रों याने ए,सी की संख्या में बेतहाशा वृद्धि होने से वातावरण में उष्णता बढ़ते जा रही हैह्न इसके अलावा वनों का विनाश एक भयानक समस्या के रूप में देश में फैलता जा रहा हैह्न अंधाधुंध फैक्ट्रियों एवं मशीनों के उपकरणों से निकलने वाले धुंए से वातावरण विषैला बनाकर मनुष्य और जीव जंतुओं का जीना दूभर कर दिया है। वनों की कटाई के साथ-साथ कंक्रीट के जंगल धीरे-धीरे गांव की तरफ बढ़ने लगे हैं, ऐसे में शुद्ध वायु और और तापमान में आश्चर्यजनक बदलाव जिसके परिणाम स्वरूप वर्षा ऋतु के परिवर्तन एवं बारिश में न्यूनता आने से धरती के तापमान में बेतहाशा वृद्धि हुई है। इसी के चलते देश के कई शहरों में तापमान 48 से 50 सेल्सियस होने के कारण पशु पक्षी एवं मनुष्य की हीट स्ट्रोक से मृत्यु हुई हो जाती है। पानी की कमी तथा शरीर में डिहाइड्रेशन से लोगों की तथा वन्य पशुओं की लगातार मृत्यु हो रही है।ग्लोबल वार्मिंग का खतरा वैज्ञानिकों के अनुसार पूरे विश्व में बहुत बढ़ गया है और ऐतिहासिक तौर पर पिछले दो से तीन सौ वर्षों की तुलना की जाए तो बीते कुछ वर्षों में धरती का तापमान आश्चर्यजनक रूप से तीव्र गति से बढ़ गया है। वैज्ञानिकों के अनुसार पृथ्वी के पास ग्लोबल वार्मिंग से बचने के लिए कुल मिलाकर 10 से 15 वर्ष ही शेष है। वैज्ञानिकों की यह बातें और रहस्योद्घाटन मानवता को डराने वाला जरूर है पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसके उपायों की जो घोर अनदेखी की जा रही है वह अत्यंत चिंतनीय है। मानवता के लिए अत्यंत खतरनाक भी है। ग्लोबल वार्मिंग न सिर्फ मनुष्य के लिए खतरा है बल्कि जीव-जंतुओं समुद्र मैं पाए जाने वाले जीवो के लिए भी यह अत्यंत विषैला तथा खतरनाक हो सकता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वैज्ञानिकों के शोध के अनुसार जीवाश्म ईंधन के दशक ने एवं जलने से ग्लोबल वार्मिंग का तापमान तेजी से बढ़ा है एवं पूरी पृथ्वी जीवाश्म ईंधन के जलने से तेजी से धड़क रही है। वैज्ञानिकों की चेतावनी तथा दिए गए प्रमाण के बाद भी अनेक देश जो कार्बन उत्सर्जन के बड़े जिम्मेदार हैं, जीवाश्म ईंधन की इस्तेमाल को कम करने या खत्म करने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। जीवाश्म ईंधन की खपत खत्म होने की बात तो दूर है कम करने का नाम ही नहीं ले रहे हैं, और तो और इसके आसार भी निकट भविष्य में दिखाई नहीं दे रहे हैं। भारत को छोड़कर अन्य यूरोपीय देशों जिसमें अमेरिका ब्रिटेन के अलावा 32 देशों ने जो कार्बन उत्सर्जन एवं जीवाश्म ईंधन के उपयोग के लिए सर्वाधिक जिम्मेदार हैं, सम्मेलन कर इस पर चिंता जरूर जताई है पर इसमें स्पष्ट तौर पर अमेरिका, ब्रिटेन ,जापान चीन ,रूस की दादागिरी दिखाई देती है,यह छोटे गरीब देशों पर सारी जिम्मेदारी लादने का काम कर रहे हैं।

# उद्धव ठाकरे की 'दुर्योधन' से तुलना...एमएनएस चीफ के साथ आने की चर्चा पर शिंदे के सांसद ने कुरेदे पुराने जख्म

- राज ठाकरे के बयान पर महाराष्ट्र सियासी घमासान जारी
- शिंदे के सांसद नरेश म्हस्के बोले, उद्धव ठाकरे दुर्योधन हैं
- म्हस्के ने कहा, बीएमसी चुनावों के चलते आई राज की याद



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः महाराष्ट्र के लिए मनसे चीफ राज ठाकरे और शिवसेना यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे के एक साथ आने की चचाओं के बीच शिंदे गुट के सांसद ने बड़ा हमला बोला है। शिंदे गढ़ कहे जाने वाली ठाणे से लोकसभा के सदस्य नरेश म्हस्के ने कहा है कि भाईयों को सुई की नोंक जितनी भी जगह नहीं देने वाले दुर्योधन की तरह उद्धव ठाकरे भी आधुनिक दुर्योधन हैं। जिन्होंने हमेशा अपने भाईयों के साथ सौतेला व्यवहार किया ।उद्धव ठाकरे पर तीखा हमलाशिवसेना सांसद नरेश म्हस्के ने तंज कसते हुए कहा कि शिवसेना यूबीटी में अब भीड़ जुटाने वाला कोई नेता नहीं बचा है। इसलिए महानगरपालिका चुनाव में उन्हें राज ठाकरे की आवश्यकता है। वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक का यूबीटी द्वारा विरोध किए जाने पर उन्होंने लोकसभा के सदस्य अरविंद सांवत और राज्य सभा सांसद संजय राउत ने की आलोचना की। म्हस्के ने कहा कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव में मुल्ला मौलवियों से वोटिंग के लिए अपील कराई जाती है। बालासाहेब को हिंदुह्रदयसम्राट कहने में तुम्हें शर्म आती है, क्या यही तुम्हारा हिंदुत्व है? संबंधित स्टोरीजपुराने हमले को कराया यादसांसद म्हस्के ने उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में विकास होने की बात कही। म्हस्के ने पूछा कि राज ठाकरे के घर को कैफेटेरिया कहा गया। क्या यह उद्धव ठाकरे की अनुमति के बिना संभव है?

# मैं गोमूत्र पीता हूं, यह सेहत के लिए फायदेमंद है, मुझे रूह अफजा कौन देगा?, नितेश राणे का चौंकाने वाला बयान

मंत्री नितेश राणे हमेशा चर्चा में रहते हैं। हाल ही में उन्हें उद्धव ठाकरे और आदित्य ठाकरे की कड़ी आलोचना करते हुए देखा गया था। अब नितेश राणे ने एक इंटरव्यू में बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने कहा है कि वे गोमूत्र पीते हैं और यह सेहत के लिए बहुत अच्छा होता है।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

## नितेश राणे ने गोमूत्र पीने का किया खुलासा




- रूह अफजा पर नितेश राणे ने दी अपनी राय
- सोशल मीडिया पर बयान को लेकर हो रही चचाएं

मुंबईः महाराष्ट्र की देवेंद्र फडणवीस सरकार में मंत्री नितेश राणे हमेशा सुर्खियों में रहते हैं। कुछ दिन पहले नितेश राणे उद्धव ठाकरे और आदित्य ठाकरे की कड़ी आलोचना करते नजर आए थे। नितेश राणे ने हाल ही में एक इंटरव्यू दिया। इस इंटरव्यू में उन्होंने एक बहुत बड़ा खुलासा किया है। नितेश राणे ने एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि मैं गोमूत्र पीता हूं और यह स्वास्थ्य के लिए बहुत अच्छा है। क्या नितेश राणे सचमुच गौमूत्र पीते हैं? इस पर अब अलग-अलग चचाएं हो रही हैं ।विशेषज्ञ चेतावनी देते हैं कि यदि आप अपने बगीचे में इस कीड़े को देखें, तो तुरंत भागें!

### कहां बोले नितेण राणे?

दरअसल नितेश राणे ने एबीपी न्यूज को इंटरव्यू दिया। इस इंटरव्यू में वह कुछ बड़े खुलासे करते नजर आ रहे हैं। नितेश राणे से पूछा गया कि आप रूह अफजा पीते हैं या गुलाब शरबत? नितेश राणे ने इस सवाल का बिल्कुल अलग जवाब दिया। नितेश राणे ने कहा कि मैं खूब गोमूत्र पीता हूं और यह स्वास्थ्य के लिए भी अच्छा है। उन्होंने आगे कहा कि मुझे बताओ कि मुझे रूह अफजा कौन देगा? बहुत कुछ इस पर निर्भर करता है।

### नितेश राणे को कौन प्यार से रूह अफजा पिलाएगा?

नितेश राणे ने साफ किया कि वे रूह अफजा वगैरह कुछ नहीं पीते। उन्होंने कहा कि उन्हें कोई भी अच्छी भावना से रूह अफजा नहीं पिलाएगा। राणे ने आगे कहा कि रूह अफजा बहुत मीठा होता है और उन्हें पसंद भी नहीं है। उन्होंने कहा कि सोचिए, नितेश राणे को कौन प्यार से रूह अफजा पिलाएगा? नितेश राणे ने साफ किया कि वे गोमूत्र पीते हैं और यह सेहत के लिए अच्छा होता है।

## फास्ट ट्रैक

सूबेदारगंज-उधना-सूबेदारगंज साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन

जबलपुर ।समर के दौरान अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लियर करने और उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से सूबेदारगंज-उधना-सूबेदारगंज साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन विशेष किराये पर 11-11 ट्रिप रेल प्रशासन द्वारा चलाने का निर्णय लिया गया है। यह गाड़ी पश्चिम मध्य रेल के बीना, रानी कमलापति एवं इटारसी स्टेशनों से होकर गन्तव्य को जाएगी। गाड़ी संख्या 04155 सूबेदारगंज-उधना साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन दिनांक 21 अप्रैल से 30 जून 2025 तक प्रत्येक सोमवार को सूबेदारगंज स्टेशन से सुबह 11:40 बजे प्रस्थान कर, बीना 23:00 बजे पहुँचकर अगले दिन रानी कमलापति 02:00 बजे, इटारसी 03:40 बजे और मंगलवार दोपहर 13:30 बजे उधना स्टेशन पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 04156 उधना-सूबेदारगंज साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन दिनांक 22 अप्रैल से 01 जुलाई 2025 तक प्रत्येक मंगलवार को उधना स्टेशन से सायं 16:30 बजे प्रस्थान कर अगले दिन इटारसी 04:25 बजे, रानी कमलापति 06:30 बजे, बीना 09:40 बजे पहुँचकर और बुधवार रात 21:00 बजे सूबेदारगंज स्टेशन पहुँचेगी। इस गाड़ी में 02 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 11 शयनयान श्रेणी, 07 सामान्य श्रेणी एवं 02 एसएलआरडी सहित कुल 22 कोच रहेंगे। रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में फतेहपुर, गोविंदपुरी, भीमसेन, पोखरायां, उरई, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ललितपुर, बीना, रानी कमलापति, इटारसी, खण्डवा, भुसावल, पलाधी, अमलनेर, नंदुरबार एवं चलथान स्टेशनों पर रुकेगी। स्पेशल ट्रेन के ठहराव की विस्तृत जानकारी स्टेशन, रेल मदद 139 अथवा ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त कर सकते है।

# महाराष्ट्र के मराठवाड़ा-विदर्भ में गर्मी का कहर, नागपुर के लिए अगले 48 घंटे भारी, आईएमडी ने दिया हीट वेव का अलर्ट

महाराष्ट्र में नागपुर में पारा 45 डिग्री के पास पहुंचा

मौसम विभाग बोला, अगले 48 घंटे बेहद चुनौतीपूर्ण

रविवार को 44 के ऊपर रहा अधिकतम तापमान

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में गर्मी बढ़ने और पारे के ऊपर चढ़ने के साथ राज्य के अन्य जिलों में तापमान चढ़ गया है। मौसम विभाग महाराष्ट्र के मराठावाड़ा और विदर्भ में अगले कुछ दिन काफी अलर्ट वाले रहने का अनुमान व्यक्त किया है। मौसम विभाग के अनुसार 21 से 23 अप्रैल के बीच तेज गर्म हवाएं विदर्भ में चलेंगी। आईएमडी ने जिन जिलों को खास हिदायत दी है। उनमें अकोला, चंद्रपुर, वर्धा, नागपुर और यवतमाल शामिल हैं। आईएमडी का कहना है कि तापमा सामान्य से ज्यादा रह सकता है। नागपुर के लिए हीटवेव अलर्टआईएमडी ने कहा है कि ईस्ट और वेस्ट विदर्भ में 24 अप्रैल तक मौसम शुष्क रहेगा। आईएमडी के अनुसार नागपुर में रविवार को पारा 44 डिग्री के पास चला गया। वर्धा और और चंद्रपुर में अधिकतम तापमान 44 और 44.6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग का अनुमान है कि नागपुर में 21 अप्रैल यानी सोमवार को भी तापमान इसी के आसपास रहेगा। न्यूनतम तापमान 24.8 रहा। मौसम विभाग का कहना है विदर्भ के अलग-अलग स्थानों पर लू का प्रकोप रहेगा। मौसम विभाग का अनुसार है 21 अप्रैल को नागपुर का अधिकतम तापमान 45 डिग्री और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री रहेगा। 22 अप्रैल के लिए अधिकतम तापमान 45 डिग्री और न्यूनतम तापमान 26 डिग्रीन रहने का अनुमान है। दोनों दिन आसमान पूरी रह से साफ रहेगा। मौसम विभाग ने कहा है कि 26 अप्रैल तक नागपुर का अधिकतम तापमान 44 डिग्री रहने का अनुमान है ।मौसम विभाग ने दी यह सलाहमौसम विभाग ने लोगों को जरूरी काम होने पर ही दोपहर और उसके बाद घरों से निकलने की सलाह दी है। इसके अलावा एडवाइजरी में कहा गया है कि लोग अपने साथ पानी रखें। गला सूखने पर पानी पीते रहें। स्वास्थ्य विभाग ने तेज धूप से बचने के लिए सिर को ढककर रखने के लिए कहा है। महाराष्ट्र के मराठावाड़ा, मध्य महाराष्ट्र और विदर्भ में येलो अलर्ट जारी किया है। नागपुर में 22 अप्रैल को थोड़ी और गर्मी बढ़ने का अनुमान व्यक्त किया गया है। अमरावती में भी गर्मी अपने तेवर दिखा रही है।

# अदिति तटकरे ने लाडकी बहीण योजना की हर कन्फ्यूजन की दूर, विपक्ष के उठाए सवालों का दिया जवाब

- विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री लाडकी बहीण योजना से महायुति को फायदा हुआ है। चुनाव नतीजों के बाद देवेंद्र फडणवीस, अजित पवार और एकनाथ शिंदे ने अपनी लाडकी बहनों को धन्यवाद दिया। अब हाल ही में अदिति तटकरे ने लाडकी बहीण योजना को लेकर बहुत बड़ा बयान दिया है।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहीण योजना से महायुति सरकार को सबसे ज्यादा फायदा हुआ। महायुति सरकार को बहुमत मिलने के बाद देवेंद्र फडणवीस, एकनाथ शिंदे और अजित पवार ने लाडली बहनों को धन्यवाद दिया। तीनों ने इस सफलता का श्रेय राज्य की लाडली बहनों को दिया। विधानसभा चुनाव से ठीक पहले राज्य में लाडकी बहिन योजना शुरू की गई थी। हालांकि पिछले कुछ दिनों से लाडकी बहीण योजना को लेकर तरह-तरह की चचाएं चल रही हैं।

### लाडकी बहीण योजना के विवाद पर क्या बोलीं?

चर्चा है कि लाडकी बहीण योजना बंद कर दी जाएगी। हालांकि सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि यह योजना बंद नहीं की जाएगी। ऐसे में अब महिला एवं बाल कल्याण मंत्री अदिति तटकरे ने लाडकी बहीण योजना को लेकर बहुत बड़ी टिप्पणी की है। अदिति तटकरे ने कहा कि मुझे लगता है कि आपने इस योजना को गलत समझा है। 2.5 लाख रुपये से कम आय वाली महिलाएं इस योजना का लाभ उठा सकेंगी।

### किन महिलाओं को मिलेंगे 500, किया साफ

उन्होंने आगे बताया कि जो महिलाएं संजय गांधी निराधार योजना का लाभ ले रही हैं, वे इस योजना के लिए पात्र नहीं हैं। लेकिन जो महिलाएं नमो शेतकरी योजना से लाभान्वित हो रही हैं। उन्हें इस योजना से 500 रुपये मिलेंगे। क्योंकि नमो शेतकरी योजना में उन्हें 1000 रुपये मिलते हैं और लाडकी बहीण योजना से उन्हें कुल 1500 रुपये मिलेंगे। यह सब सरकार के फैसले के अनुसार है।

# बीजेपी-शिंदेसेना से रहें दूर, तो उद्धव-राज ठाकरे के बीच किसी मुद्दे का सवाल ही नहीं उठता, सामना की 'टंकार'

## बीजेपी और शिंदे सेना ने राज के कंधों पर बंदूक रखकर निशाना साधा-सामना

- उद्धव-राज के बीच सुलह की संभावनाओं ने विरोधियों को परेशान किया
- सामना ने बीजेपी के हिंदुत्व को नकली और खोखला बताया है

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




मुंबईः शिवसेना(यूबीटी) ने सोमवार को कहा कि यदि राज ठाकरे बीजेपी और एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना से दूर रहते हैं, तो पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे और मनसे प्रमुख राज ठाकरे के बीच किसी मुद्दे का कोई सवाल ही नहीं उठता। शिवसेना (यूबीटी) के मुखपत्र सामना के संपादकीय में यह भी दावा किया गया कि उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे के बीच सुलह की संभावना ने महाराष्ट्र विरोधियों को परेशान कर दिया है। चचेरे भाई उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे ने संभावित सुलह की अटकलों को हवा दे दी है। क्योंकि उनके बयानों से संकेत मिलता है कि वे मामूली मुद्दों को नजरअंदाज कर सकते हैं और लगभग दो दशक के कटु मतभेद के बाद हाथ मिला सकते हैं।

### सामना ने क्या लिखा?

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख ने कहा है कि मराठी मानुष के हित में एकजुट होना मुश्किल नहीं है।। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कहा कि वह छोटी-मोटी लड़ाइयां दरकिनार करने के लिए तैयार हैं। बशर्ते कि महाराष्ट्र के हितों के खिलाफ काम करने वालों को महत्व नहीं दिया जाए। सामना के संपादकीय में कहा गया है कि राज ठाकरे की ओर से उठाए मुद्दे सार्वजनिक रूप से कभी सामने नहीं आए। संपादकीय में कहा गया कि राज मराठी लोगों की बात करते रहे हैं और शिवसेना का जन्म मराठी हित के लिए हुआ और उद्धव ठाकरे ने वह हित नहीं छोड़ा, तो कोई विवाद है कहां?

### बीजेपी-शिंदेसेना ने राज के कंधे पर बंदूक रख उद्धवसेना पर निशाना साधा

मराठी दैनिक ने कहा कि बीजेपी और शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के लिए इस पर बात करने का कोई कारण नहीं था। इन लोगों ने ही तथाकथित मुद्दों को शुरू किया। इसलिए बीजेपी और शिंदे सेना को अगर दूर रखा जाए। तो कोई मुद्दा नहीं रहेगा। सामना में कहा गया है कि बीजेपी और शिंदे की अगुआई वाली शिवसेना ने राज के कंधों पर बंदूक रखकर शिवसेना (यूबीटी) पर निशाना साधा।

# भुसावल मंडल में केटरिंग टीम एवं आरपीएफ द्वारा संयुक्त रूप से औचक जांच 9 अनधिकृत विक्रेता पकड़े गए

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



यात्रियों को गुणवत्तापूर्ण एवं स्वीकृत केटरिंग सेवाएं प्रदान करने के अपने सतत प्रयासों के अंतर्गत, रेलवे के भुसावल मंडल में एक औचक जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान को मंडल की वाणिज्य विभाग केटरिंग निरीक्षण टीम एवं रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) द्वारा संयुक्त रूप से चलाया गया ।जांच के दौरान, रेलवे स्टेशन परिसर में 9 अनधिकृत विक्रेताओं की पहचान की गई, जो बिना किसी वैध लाइसेंस या अनुमति के खाद्य एवं पेय पदार्थों की बिक्री कर रहे थे। सभी अनधिकृत विक्रेताओं को तत्काल पकड़कर आरपीएफ के हवाले कर दिया गया, तथा उनके विरुद्ध रेलवे अधिनियम के अंतर्गत कानूनी कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है ।भुसावल मंडल यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि रेलवे स्टेशनों तथा ट्रेनों में केवल अधिकृत और लाइसेंस प्राप्त केटरिंग सेवाएं ही संचालित हों। भविष्य में भी इस प्रकार के औचक निरीक्षण नियमित रूप से जारी रहेंगे, ताकि रेलवे यात्रियों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं मानकीकृत खाद्य सेवाएं प्राप्त होती रहें ।रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे केवल अधिकृत विक्रेताओं से ही खाद्य सामग्री खरीदें, और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत रेलवे अधिकारियों या आरपीएफ को दें।

# तेज रफ्तार ट्रक ने एक के बाद एक 5 वाहनों को रौंदा, 3 की मौत, कई घायल, मुंबई-पुणे राजमार्ग पर भीषण हादसा

- महाराष्ट्र के मुंबई-पुणे राजमार्ग पर रायगढ़ के पास एक भीषण सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की जान चली गई और 12 घायल हो गए। खोपोली के निकट बोरघाट में एक तेज रफ्तार ट्रक ने पांच वाहनों को टक्कर मार दी, जिससे यह हादसा हुआ। चार लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है, उनका इलाज जारी है।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

- मुंबई-पुणे राजमार्ग पर भीषण सड़क हादसा, 3 की मौत हुई
- तेज रफ्तार ट्रक ने 5 गाड़ियों को टक्कर मारी
- घायलों में से 4 की हालत गंभीर, अस्पताल में भर्ती



रायगढ़ : महाराष्ट्र के मुंबई-पुणे राजमार्ग पर एक भीषण सड़क हादसा हुआ है। इस घटना में तीन लोगों की मौत हो गई। कई लोग घायल हुए हैं, उनमें से चार की हालत गंभीर बताई जा रही है। दुर्घटना का कारण एक तेज रफ्तार ट्रक थी। जिसने एक के बाद एक कई गाड़ियों को टक्कर मार दी। हादसे के बाद कुछ देर तक सड़क पर आवागमन भी प्रभावित रहा ।मामला रायगढ़ के खोपोली के निकट बोरघाट का है। एक तेज रफ्तार मालवाहक ट्रक ने एक के बाद एक पांच वाहनों को टक्कर मार दी। इस घटना में जिसमें तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और 12 अन्य घायल हो गए।

### मुंबई की लेन पर हुआ हादसा

बताया जा रहा है कि यह हादसा रविवार देर रात मुंबई लेन पर हुआ। पुणे से मुंबई की ओर तेज गति से जा रहे एक मालवाहक ट्रक ने एक हाईवे पेट्रोल वाहन सहित पांच गाड़ियों को टक्कर मार दी। घटना की सूचना मिलते ही हाईवे पुलिस, लोनावाला, खंडाला पुलिस मौके पर पहुंची। इस दौरान उन्होंने घायलों को अस्पताल पहुंचाने के लिए एंबुलेंस बुलाया, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया ।घायलों में से चार की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें इलाज के लिए पनवेल, खोपोली और लोनावाला के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। इस हादसे की वजह से कुछ देर तक यातायात बाधित रहा। बाद में मुंबई-पुणे हाईवे को फिर से शुरू कर दिया गया।

### 18 अप्रैल को भी हुई थी घटना

इससे पहले बीते 18 अप्रैल को मुंबई के चेंबूर इलाके में बीएमसी का कचरा ट्रक सिद्धार्थ कॉलोनी इलाके के पास स्थित ईस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे पर पलट गया था। इस हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई थी, जबकि दो लोग घायल हो गए थे।

चेंबूर पुलिस के मुताबिक, बीएमसी का ट्रक घाटकोपर से सायन की ओर कचरा लेकर जा रहा था। जब ट्रक सिद्धार्थ कॉलोनी के पास पहुंचा तो चालक का ट्रक से संतुलन हट गया और वह ईस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे पर बने डिवाइडर से टकराकर पलट गया।

**समारोह** — मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन (सीआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ) की अध्यक्ष श्रीमती आशा मीना ने मध्य रेल की 14 महिला रेल कर्मचारियों को सम्मानित किया।

# मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन ने महिला दिवस पुरस्कार समारोह 2025 मनाया




Photo Credit : CPRO/CR




Photo Credit : CPRO/CR




Photo Credit : CPRO/CR

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मध्य रेल महिला कल्याण संगठन (सीआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ) ने दिनांक 21.04.2025 को न्यू ऑफिसर्स क्लब, निर्मल पार्क, भायखला में महिला दिवस पुरस्कार समारोह 2025 मनाया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य मध्य रेल के विभिन्न मंडलों में महिला कर्मचारियों की उल्लेखनीय उपलब्धियों और समर्पण को पहचानना और उन्हें सम्मानित करना था ।कुल 14 महिला कर्मचारियों को उनके अनुकरणीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। पुरस्कार विजेताओं में नागपुर मंडल से 2, पुणे, सोलापुर और मुंबई मंडल से 1-1, डॉ. बी.ए.एम. रेलवे अस्पताल, भायखला से 1 और मुख्यालय से 8 महिला कर्मचारी शामिल थीं ।इस समारोह में श्रीमती बबीता पांडे, सचिव सीआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ, श्रीमती टीना उप्पल कोषाध्यक्ष सीआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ तथा संगठन के अन्य सम्माननीय सदस्य उपस्थित थे सीआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ द्वारा की गई यह पहल महिला कर्मचारियों को सशक्त बनाने तथा मध्य रेल के विकास और सफलता में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करने की दिशा में इसके निरंतर प्रयास और प्रतिबद्धता को दशार्ता है।




Photo Credit : CPRO/CR

# महाराष्ट्र में सियासी भूचाल के बीच अपने गांव में किसान बने एकनाथ शिंदे

- फिर से किसाने बने डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे
- अपने गांव दरे में लगाए एवोकाडो के कई पौधे
- सीएम बोले-किसानों को मालामाल करेगा यह

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः महाराष्ट्र में मनसे चीफ राज ठाकरे और शिवसेना यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे के एक होने की अटकलों से जहां राजनीति गर्म है तो वहीं दूसरी तरफ उद्धव ठाकरे साथ छोड़कर अलग हुए एकनाथ शिंदे किसान अवतार के लिए सुर्खियों में हैं। तीन दिन के लिए अपने सतारा स्थित अपने दरे गांव पहुंची डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे की खेतों में फावड़ा चलाने की तस्वीरें सामने आई हैं। शिंदे ने अपने गांव के खेतों में इस बार विदेशी पौधे को लगाया। शिंदे ने इस एवोकाडो नाम के इस विदेशी पौधे के फायदे भी गिनाए हैं। एवोकाडो, जिसे हिंदी में रूचिरा या मक्खनफल भी कहा जाता है।

### शिंदे ने किया नया प्रयोग

शिवसेना प्रमुख और राज्य के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने रविवार को अपने गांव में सहकर्मियों के साथ मिलकर नए पेड़ लगाए। शिंदे ने पिछले दौरों में स्ट्रॉबेरी, हल्दी, चीकू और बांस के पौधे लगाए थे। इस साल उन्होंने पहली बार एक विदेशी फल एवोकाडो, लगाने का निर्णय लिया। शिंदे ने उन्होंने फावड़े और कुदाल का उपयोग करके स्वयं एक एवोकाडो का पेड़ लगाया। उन्होंने अपने खेत में यह प्रयोग इस आशा के साथ किया है कि यदि यह प्रयोग स्वास्थ्य के लिए अत्यधिक लाभकारी एवोकाडो फल की खेती में सफल होता है, तो यह स्थानीय किसानों को भी वैकल्पिक फसल के रूप में एवोकाडो की खेती करने के लिए प्रोत्साहित करेगा।

### नए प्रयोग से नई फसल उगेगी

डिप्टी सीएम शिंदे इससे पहले सतारा जिले के महाबलेश्वर तालुका में कोयना नदी के तट को काफी उपजाऊ बता चुके हैं। वह कहते आए हैं कि दरे गांव के आसपास की मिट्टी बहुत अच्छी है। इसमें उगाई जाने वाली कोई भी फसल अच्छी तरह से उगती है ।इसलिए उन्हें पूरा विश्वास है कि यहां एवोकाडो की खेती का यह प्रयास अवश्य सफल होगा। यदि ऐसा होता है, तो उनका मानना है कि इस क्षेत्र के किसान, जो स्ट्रॉबेरी और ब्लूबेरी जैसे जामुन उगाते हैं, एवोकाडो की खेती के माध्यम से एक और नई नकदी फसल पा सकेंगे। इसीलिए उन्होंने अपने खेतों में इस प्रयोग को सफल बनाने का प्रयास किया है। इस अवसर पर उनके साथ दरे गांव के ग्रामीणजन और शिंदे के सभी साथी उपस्थित थे।

# भारतीय जनता पार्टी ने उल्हासनगर में सात मंडल अध्यक्ष घोषित किए

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



उल्हासनगर.भारतीय जनता पार्टी ने अपने संगठन को नवीन स्वरूप देते हुए रविवार 20 अप्रैल को उल्हासनगर शहर के विभिन्न मंडलों के अध्यक्ष पदों हेतु संगठन के चुनाव सफलतापूर्वक संपादित किए। उल्हासनगर शहर के कुल आठ मंडलों में से सात मंडलों के लिए पार्टी ने अपने अध्यक्षों की घोषणा कर दी, लेकिन मंडल क्रमांक चार (अ) से किसी का नामांकन न किए जाने के कारण उस मंडल के अध्यक्ष का चयन अभी फिलहाल टाल दिया गया है।शहर भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित इस चुनावी प्रक्रिया में मंडल क्रमांक 1 से अरविंद मिश्रा अध्यक्ष पद पर नियुक्त किए गए, मंडल 2 से राम प्रवेश यादव, मंडल 3(अ) से विक्की इसरानी, मंडल 3 (ब) से हरेश भाटिया, मंडल 4 (ब) से स्वप्निल पगारे, मंडल 5 से बंटी कुसरेजा तथा महारल मंडल से योगेश देशमुख को मंडल अध्यक्ष के रूप में चयनित किया गया। संगठन के मंडल अध्यक्षों के नामों की घोषणा चुनाव अधिकारी जमनू पुरसवानी ने की।कार्यक्रम में स्थानीय आमदार कुमार आयलानी,भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप रामचंदानी, जमनू पुरसवानी, नरेंद्र राजनी, विनोद गोवानी, लखी नाथानी, विजू खटवानी, रमेश बजाज,महिला मोर्चा की अध्यक्ष लता पगारे सहित पार्टी के अनेक पूर्व नगरसेवकों के साथ पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों को शुभकामनाएं देते हुए संगठन को सशक्त बनाने और आम जनता की सेवा करने का आह्वान किया।

# अंबरनाथ में डॉ.भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती के उपलक्ष में भीमोत्सव 2025 का भव्य आयोजन किया गया

## सुप्रसिद्ध गायक आनंद शिंदे ने गीत संगीत का शानदार कार्यक्रम प्रस्तुत किया।





**भीमोत्सव 2025 का आयोजन प्रदीप नाना पाटिल के सौजन्य से किया गया।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अंबरनाथ. भारतरत्न संविधान निमार्ता डॉ.बाबासाहब भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती के उपलक्ष में रविवार 20 अप्रैल की शाम को अंबरनाथ शहर ब्लॉक कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रदीप नाना पाटिल के सौजन्य से महात्मा गांधी विद्यालय के निकट स्थित मैदान में भीमोत्सव 2025 का भव्य आयोजन किया गया जिसमें महाराष्ट्र के सुप्रसिद्ध गायक आनंद शिंदे ने अपनी शानदार गायन शैली और मनोरंजनात्मक प्रस्तुतियों से हजारों लोगों को आनंदित और झूमने को मजबूर कर दिया।सुप्रसिद्ध गायक आनंद शिंदे ने डॉ.बाबासाहब भीमराव अंबेडकर और रमाबाई अंबेडकर की शान में शानदार कव्वालियों और गीतों के माध्यम से भीमोत्सव को सफलता के शिखर पर पहुंचा दिया।प्रदीप नाना पाटिल और उनके सहयोगियों ने भीमोत्सव में आए हुए शहर के गणमान्य लोगों का शॉल ओढाकर और पुष्पगुच्छ देकर स्वागत सत्कार किया।भीमोत्सव में अंबरनाथ शहर के हजारों लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर भीमोत्सव 2025 में सुप्रसिद्ध गायक आनंद शिंदे के भव्य गीत संगीत के कार्यक्रम का आनंद लिया।

फास्ट ट्रैक

# रेल हादसे में हेड कांस्टेबल समेत 3 की मौत

## मिर्जापुर में एक ही दिन में तीन अलग-अलग घटनाएं, वीआईपी ड्यूटी के लिए जाते समय हादसा

मिर्जापुर, मिर्जापुर में तीन अलग-अलग रेल हादसों ने जिले को दहला दिया।पहली घटना में नारायणपुर पुलिस चौकी पर तैनात हेड कांस्टेबल दीपक सिंह की मौत हो गई। 39 वर्षीय दीपक विंध्याचल में वीआईपी ड्यूटी के लिए जा रहे थे।सगरा में रेलवे स्टेशन से कुछ दूर पहले ट्रेन से गिरने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। दूसरी घटना में सियालदह सुपरफास्ट एक्सप्रेस के आगे एक मानसिक विक्षिप्त व्यक्ति ने प्लेटफॉर्म नंबर दो पर कूदकर जान दे दी।जीआरपी ने अज्ञात शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है।तीसरी घटना रात करीब 2 बजे संघमित्रा एक्सप्रेस में हुई।बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के बिशनपुर बसंत निवासी प्रेम कुमार साहनी की ट्रेन से गिरकर मौत हो गई।वह अपने भाई के साथ बेंगलुरु से दानापुर जा रहे थे।डगमगपुर के पास यह हादसा हुआ।पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।हेड कांस्टेबल दीपक सिंह गाजीपुर के सुहावल थाना क्षेत्र के युवराजपुर गांव के रहने वाले थे। उनका परिवार वाराणसी में रहता है।उनकी मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया।वे छानबे में होने वाले कार्यक्रम की ड्यूटी पर जा रहे थे, जहां असम के राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य को शामिल होना था।



# स्कूल संस्थापक की पुण्यतिथि पर 30 लोगों ने किया रक्तदान

## बलिया में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, प्रबंधक की पहल

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



बलिया, सुखपुरा स्थित ए.एस.एम. कॉन्वेंट स्कूल में एक विशेष आयोजन हुआ।स्कूल के संस्थापक स्व. आनंद सिंह (पिंटू) की चौथी पुण्यतिथि पर विद्यालय प्रबंधक उर्मिला सिंह की पहल पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। सुभासपा के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव डॉ. अरविन्द राजभर ने स्व. आनंद सिंह के चित्र पर पुष्पार्चन और दीप प्रज्जवलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया।शिविर में विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। 70 लोगों का ब्लड प्रेशर और शुगर की जांच की गई।20 महिलाओं ने स्त्री-रोग परीक्षण कराया। 50 लोगों ने एक्यूप्रेशर का लाभ लिया।75 लोगों की आंखों की जांच हुई और 45 लोगों ने दंत चिकित्सा सेवा का लाभ उठाया। शिविर की विशेष उपलब्धि रही रक्तदान कार्यक्रम।30 से अधिक लोगों ने रक्तदान किया।स्व. आनंद सिंह की पत्नी अनुराधा सिंह और पुत्र शिवम सिंह ने भी रक्तदान में भाग लिया।विद्यालय के अध्यक्ष डॉ. विनोद सिंह के मार्गदर्शन में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी और स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। पूर्व ब्लॉक प्रमुख, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष समेत कई प्रतिष्ठित लोग मौजूद रहे। सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

# वार्ड में कूड़े का ढेर और गंदगी

## सभासद ने ईओ और पंचायत अध्यक्ष पर लगाए गंभीर आरोप, आंदोलन की चेतावनी

रायबरेली, सलोन नगर पंचायत के वार्ड नंबर 14 चोधराना में गंदगी का मुद्दा गरमा गया है। सभासद मोहम्मद अशफाक ने नगर पंचायत प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।सभासद ने बताया कि पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष चौधरी शमीम अहमद के आवास के पास कूड़े का डंप लगा हुआ है।गर्मी के मौसम में यह स्थिति मोहल्ले वासियों के लिए खतरनाक हो सकती है।संचारी रोगों के फैलने का खतरा बढ़ गया है।उन्होंने प्रशासनिक व्यवस्था पर भी सवाल उठाए। सभासद का आरोप है कि पिछले दो वर्षों से यह स्पष्ट नहीं है कि नगर पंचायत का अध्यक्ष पिता है या पुत्र। नगर पंचायत के बाबू रायबरेली नगर पालिका से जुड़े हैं और वे कार्यालय में उपस्थित नहीं रहते। अधिशासी अधिकारी भी महीने में मात्र चार दिन ही कार्यालय आती हैं।नगर पंचायत में 10 सफाई कर्मचारी नियुक्त हैं, लेकिन सफाई व्यवस्था सिर्फ कागजों तक सीमित है।सभासद ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इन समस्याओं का समाधान नहीं किया गया,

# थाने पर हंगामा करना पड़ा भारी, 15 पर केस दर्ज



**❍ रायबरेली में वाहन चेकिंग के दौरान पकड़े गए थे, परिजनों ने किया बवाल**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

रायबरेली, पुलिस चौकी पर हंगामा करना कुछ युवकों को महंगा पड़ गया है। खीरों की सेमरी चौकी पर हुई इस घटना में पुलिस ने सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। घटना बीती शाम की है, जब सेमरी चौकी के बाहर कुछ वीडियो वायरल हुए। इन वीडियो में एक युवक हेड कांस्टेबल जावेद असलम पर बिना कारण मारपीट का आरोप लगा रहा था। युवक के साथी भी वीडियो में हेड कांस्टेबल से माफी मांगने की बात कर रहे थे।वायरल वीडियो में दिख रहे युवक का कहना था कि वह सेमरी चौराहे से आइसक्रीम लेकर जा रहा था। उसका आरोप है कि सिपाही ने उसे बुलाकर पूछताछ की और गालियां देते हुए मारते हुए चौकी ले गए। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने मामले की जांच की। उनके आधिकारिक नोट के अनुसार, वाहन चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध युवक को पूछताछ के लिए चौकी लाया गया था। इसी दौरान युवक के 10-15

# तुलसी पीठाधीश्वर रामभद्राचार्य का स्वागत

## भागवत कथा के बाद भंडारे में पहुंचे, लोगों ने की पुष्प वर्षा; संस्कृति से जुड़े रहने का दिया संदेश

मिर्जापुर, तिवरानी टोला मोहल्ला निवासी सलिल पांडेय के आवास पर बीती रात तुलसी पीठाधीश्वर संत रामभद्राचार्य का आगमन हुआ।श्रीमद् भागवत कथा उपरांत आयोजित भंडारे के मौके पर वे नगरवासियों और परिवारजनों को आशीर्वाद देने पहुंचे। संत के स्वागत में जय श्रीराम और हर हर महादेव के जयघोष गूंजे। उनके 20 मिनट के प्रवास के दौरान वरिष्ठ साहित्यकार बृजदेव पांडेय व सलिल पांडेय समेत अन्य श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।सुरक्षा व्यवस्था के बीच जूना अखाड़ा के महंत डॉ. योगानंद गिरी, जयप्रकाश पांडेय, महेंद्र पांडेय, शिशिर पांडेय समेत अन्य श्रद्धालु सेवा में लगे रहे।संत रामभद्राचार्य ने सभी को आशीर्वाद दिया और कहा– संस्कार और संस्कृति ही जीवन की असली पूंजी हैं।उन्होंने पितरों की प्रसन्नता को हर सफलता की कुंजी बताया।



# बेटे को अस्पताल ले जाते वक्त पिता की मौत

**❍ हरदोई में कार ने बाईक को मारी टक्कर, घायल बेटे को शाहजहांपुर ले जा रहे थे**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, हरदोई में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। भुड़वा गांव के 50 वर्षीय राम लड़ैते की मौत हो गई। वह अपने घायल बेटे अनुज को शाहजहांपुर के राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराने जा रहे थे। अनुज दो दिन पहले ऑटो से गिरकर घायल हो गया था। उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ। इसलिए पिता उसे बेहतर इलाज के लिए बाइक से शाहजहांपुर ले जा रहे थे। थाना शाहबाद के ककरघटा गांव के पास एक कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम को भेजा हादसे में पिता-पुत्र दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए। परिजन राम लड़ैते को शाहजहांपुर के राजकीय मेडिकल कॉलेज ले गए। घायल बेटे को हरदोई भेज दिया गया। डॉक्टरों ने राम लड़ैते को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा

# महिला ने ट्रेन के आगे लगाई छलांग

## यात्रियों ने बचाया, नहीं बता सकी नाम-पता, मानसिक विक्षिप्त लग रही

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, रेलवे स्टेशन पर एक बुजुर्ग महिला ने ट्रेन के सामने कूदने की कोशिश की। महिला रेलवे स्टेशन पर घूम रही थी। आती हुई ट्रेन को देखकर वह अचानक ट्रैक पर कूद गई। सौभाग्य से ट्रेन काफी दूरी पर थी। मौके पर मौजूद यात्रियों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए महिला को ट्रैक से उठाकर प्लेटफॉर्म पर ले आए।इस घटना में महिला के सिर में चोट आई। नहीं बताया नाम-पता सूचना मिलते ही जीआरपी टीम मौके पर पहुंची।पुलिस ने महिला से उसका नाम और पता जानने की कोशिश की।लेकिन महिला ने कोई जानकारी देने से इनकार कर दिया।जीआरपी के अनुसार महिला की उम्र लगभग 60 वर्ष है और वह मानसिक रूप से विक्षिप्त प्रतीत होती है। मेडिकल कॉलेज भेजा गया घायल महिला को इलाज के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज भेजा गया है।पुलिस महिला की पहचान करने में जुटी है।

# प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप का शाहजहांपुर दौरा

**❍ विकास कार्यों की समीक्षा, कहा- योगी ने प्रदेश को देश में दूसरे नंबर पर पहुंचाया**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




शाहजहांपुर, प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कलेक्ट्रेट सभागार में विधायकों और अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की। कश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की जनता को अमन-चैन का जीवन दिया है।उन्होंने सड़क, एयरपोर्ट और मेट्रो समेत कई विकास कार्यों को गति दी है।प्रभारी मंत्री ने बताया कि 2017 से पहले प्रदेश की पहचान बचाने का संकट था। अब मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश को देश में दूसरे नंबर पर ला दिया है। भाजपा सरकार प्रदेश को देश में नंबर वन बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री नियमित रूप से प्रदेश के कल्याण और विकास कार्यों की निगरानी कर रहे हैं। शाहजहांपुर के विकास को भी प्राथमिकता दी जा रही है। प्रभारी मंत्री ने भ्रष्टाचार पर कड़ा रुख दिखाया।

उन्होंने बताया कि समाज कल्याण विभाग में अवैध धन के मामले में पांच लोगों को जेल भेजा गया।मुख्यमंत्री की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत जनपद में भ्रष्टाचार बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# किसान को झूठे आरोप में जेल भेजने का मामला

## शाहजहांपुर में किसान यूनियन का थाने पर प्रदर्शन, पुलिस पर रिश्वत मांगने का आरोप

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, पुलिस की कार्रवाई के खिलाफ भारतीय किसान यूनियन ने कांट थाने का घेराव किया।किसान संगठन का आरोप है कि पुलिस ने एक किसान को बैटरी चोरी के झूठे आरोप में गिरफ्तार किया। ककरघटा गांव के किसान नन्हे सिंह को पुलिस ने ट्रैक्टर की बैटरी चोरी के आरोप में पकड़ा।किसान के पास बैटरी खरीद की रसीद होने के बावजूद पुलिस ने उन्हें थाने ले गई। थाने में पुलिसकर्मियों ने किसान से मारपीट की और 20 हजार रुपये की मांग की। किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने बताया कि रुपये न देने पर पुलिस ने किसान के खिलाफ तमंचे के साथ झूठी एफआईआर दर्ज कर दी। पुलिस ने वीडियो बनाकर किसान को जेल भेज दिया।यूनियन ने दोषी पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर करने की मांग की है।किसान नेताओं ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांग पूरी नहीं की गई तो वे उग्र आंदोलन करेंगे। इसकी जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी।यूनियन ने पुलिस की इस कार्रवाई की निष्पक्ष जांच की भी मांग की है।

# चंडीगढ़-एक्सप्रेस में महिला तबीयत बिगड़ी

## रोजा जंक्शन पर ट्रेन रोककर उतारा गया, मौत हुई, चंडीगढ़ से गोंडा जा रही थी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, चंडीगढ़ एक्सप्रेस में एक महिला यात्री की तबीयत बिगड़ गई, रोजा जंक्शन पर उतारने के डॉक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया। मृतका की पहचान गोंडा निवासी अनीता देवी के रूप में हुई है। वह पति और दो बच्चों के साथ चंडीगढ़ से गोंडा जा रही थी।

अनीता के पति पिंकू मिश्रा ने बताया कि वे परसपुर क्षेत्र के खंतवार के रहने वाले हैं। पिछले 15 साल से पूरा परिवार चंडीगढ़ में रहकर मेहनत-मजदूरी कर रहा था। परिवार की भतीजी की शादी में शामिल होने के लिए वे जनरल कोच में यात्रा कर रहे थे। पहले से नहीं ठीक थी तबीयत पिंकू के अनुसार, रविवार की रात अनीता ने दवा खाकर आराम किया। उसकी पहले से तबीयत ठीक नहीं थी। बरेली पहुंचने पर जब उन्होंने अनीता को आवाज दी, तो वह नहीं बोली। काफी देर तक जगाने की कोशिश की, लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। रोजा जंक्शन में रोका गया रेल प्रशासन को सूचना मिलते ही ट्रेन को रोजा जंक्शन पर रोका गया। रेलवे के डॉक्टरों ने प्राथमिक जांच के बाद अनीता को राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर किया। वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# आईएमए अध्यक्ष समेत 4 डॉक्टरों पर केस दर्ज



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, एक महिला की प्रसव के बाद मौत के मामले में पुलिस ने चार डॉक्टरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। आईएमए के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. पीके अग्रवाल, डॉ. दीपा सक्सेना, डॉ. पाठक और एक अज्ञात डॉक्टर शामिल हैं। डॉक्टर का पक्ष जानने के लिए कॉल की लेकिन डॉक्टर पीके अग्रवाल ने कॉल रिसीव नहीं की। मृतका चारू अहुजा का इलाज पिछले 9 महीने से ब्रजदीप नर्सिंग होम में डॉ. दीपा सक्सेना कर रही थीं। 20 अप्रैल को प्रसव पीड़ा होने पर चारू को भर्ती कराया गया। ऑपरेशन के बाद उन्होंने बेटी को जन्म दिया। डॉक्टरों ने मरीज के स्वस्थ होने का आश्वासन दिया, लेकिन उनकी हालत बिगड़ती गई। स्थिति गंभीर होने पर डॉ. पाठक और डॉ. पीके अग्रवाल ने मरीज को आईसीयू में शिफ्ट किया।


## भारत संवाद परिवार

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,

2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ

3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)

4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी

5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा

6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने परिवार संग अक्षरधाम मंदिर का किया भ्रमण

## कला-संस्कृति से हुए रूबरू



एजेंसी

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस अपनी पत्नी उषा और तीन बच्चों के साथ दिल्ली के स्वामिनारायण अक्षरधाम मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने भारतीय कला, वास्तुकला और संस्कृति की समृद्धि का अवलोकन किया। मंदिर के शांति और एकता के संदेश से प्रभावित होकर उन्होंने अतिथि पुस्तिका में भारत के आतिथ्य और मंदिर की सुंदरता की प्रशंसा की। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने अपनी पत्नी उषा और तीन बच्चों इवान, विवेक और मिराबेल के साथ भारत की चार दिवसीय यात्रा के दौरान सोमवार को नई दिल्ली के स्वामिनारायण अक्षरधाम मंदिर का भ्रमण किया। दिल्ली हवाई अड्डे पर उतरने के बाद वे सीधे इस विश्व प्रसिद्ध मंदिर में पहुंचे। मंदिर भ्रमण के दौरान जेडी वेंस और उनके परिवार ने भारतीय कला, पारंपरिक हिंदू वास्तुकला और सांस्कृतिक विरासत को करीब से देखा। मंदिर के जटिल नक्काशीदार स्तंभों, भव्य गुंबदों और कलात्मक छतों ने उन्हें गहरे प्रभावित किया। उन्होंने मंदिर में समाहित विश्व शांति और एकता के संदेश को भी सराहा। अतिथि पुस्तिका में अपने अनुभव साझा करते हुए वेंस ने लिखा, 'इस खूबसूरत जगह पर मेरे परिवार का स्वागत करने के लिए आप सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद। भारत के लिए यह गर्व की बात है कि आपने इतनी सटीकता और देखभाल के साथ यह सुंदर मंदिर बनाया। हमारे बच्चों को यह विशेष रूप से बहुत पसंद आया। भगवान भला करे।' स्वामिनारायण अक्षरधाम मंदिर दिल्ली के हृदय में स्थित भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिकता और कला का जीवंत केंद्र है। 2005 में पूज्य प्रमुख स्वामी महाराज की प्रेरणा से निर्मित यह मंदिर विश्व शांति को समर्पित है और अब तक 191 से अधिक देशों के लाखों आगंतुकों को प्रेरित कर चुका है। मंदिर का संचालन बीएपीएस स्वामिनारायण संस्था द्वारा किया जाता है, जो भारतीय मूल्यों और आध्यात्मिकता के संरक्षण के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण और आपदा राहत जैसे मानवीय कार्यों में सक्रिय है। वेंस की यह यात्रा भारत और अमेरिका के बीच सांस्कृतिक और आध्यात्मिक संबंधों को और मजबूत करने का प्रतीक बनी। मंदिर के अधिकारियों ने उनके दौरे को दोनों देशों के बीच आपसी सम्मान और साझा मूल्यों का उदाहरण बताया। बीएपीएस संस्था, जो अमेरिका के रॉबिंसविल और यूएई के अबू धाबी में भी सांस्कृतिक स्थलों का संचालन करती है, ने उपराष्ट्रपति और उनके परिवार के आतिथ्य को यादगार बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। यह दौरा न केवल मंदिर की वैश्विक पहचान को रेखांकित करता है, बल्कि भारत की सांस्कृतिक समृद्धि और आतिथ्य को भी विश्व मंच पर प्रदर्शित करता है।

> "ट्रंप टैरिफ सहित विभिन्न मुद्दों से निपटने के लिए अमेरिका एवं भारत के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर जारी बातचीत के बीच अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस अपनी चार दिवसीय भारत यात्रा के तहत सोमवार को नई दिल्ली पहुंचे। अमेरिकी नेता के आगमन पर उनका औपचारिक स्वागत भी किया गया। वेंस के बच्चों ने पारंपरिक भारतीय परिधान पहने थे

# अमेरिका का मिलिट्री अटैक वाला प्लान दूसरी बार हुआ लीक

## रक्षा मंत्री ने पत्नी और भाई को शेयर कर दिया पूरा सीक्रेट डॉक्यूमेंट



एजेंसी

अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ यमन में अमेरिकी हवाई हमले के बारे में कथित तौर पर संवेदनशील जानकारी एक निजी सिग्नल मैसेजिंग ग्रुप में साझा करने के बाद जांच के घेरे में हैं। जिसमें उनकी पत्नी और भाई भी शामिल थे। इस खुलासे के बाद पेंटागन ने जांच शुरू कर दी है और वरिष्ठ सांसदों ने उन्हें बर्खास्त करने की मांग की है। डिफेंस टीम हडल नामक इस समूह में 13 सदस्य थे और इसमें हेगसेथ की पत्नी जेनिफर, जो कि फॉक्स न्यूज की पूर्व निमार्ता हैं। रिपोर्ट के अनुसार, हेगसेथ ने यमन के हौथी उग्रवादियों को निशाना बनाकर मार्च में किए गए हमले का विवरण साझा किया, जिसमें अमेरिकी युद्धक विमानों के प्रक्षेपण का समय भी शामिल था। इस तरह के परिचालन विवरण को गोपनीय माना जाता है। इसी प्रकार का एक संदेश ट्रम्प प्रशासन के शीर्ष अधिकारियों से संबंधित एक अलग सिग्नल चैट में भी साझा किया गया था, जिसमें संवेदनशील सैन्य सूचनाओं के प्रबंधन के बारे में व्यापक चिंताएं जताई गई थीं। सिग्नल एक मैसेजिंग ऐप है जिसकी मदद से आप टेक्स्ट मैसेज, वॉयस कॉल, और वीडियो कॉल कर सकते हैं। यह ऐप एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन का इस्तेमाल करता है। यह ऐप दूसरे मैसेजिंग ऐप्स की तरह यूजर के किसी भी डेटा को स्टोर या ट्रैक नहीं करता।

यह ऐप थोड़े समय में खुद ही मैसेज को डिलीट कर देता है। इसमें संदेशों को समय अवधि के बाद गायब होने के लिए सेट किया जा सकता है। अमेरिका में क्लासीफाइड इंफार्मेशन शेयरिंग के लिए कई टेक्नोलाजी का इस्तेमाल होता है। लेकिन उनमें सिग्नल एप अप्रूव नहीं है। सीक्रेट टॉक के लिए उनका अलग सिस्टम है। हाल के दिनों में हेगसेथ के करीबी चार अधिकारियों को पेंटागन से बाहर निकाले जाने की खबरों के बाद विवाद बढ़ गया है। उनमें से एक डैन कैलडवेल भी हैं, जो कथित तौर पर ट्रम्प-युग के अधिकारियों से जुड़ी मूल सिग्नल चैट के लिए संपर्क अधिकारी थे। पिछले हफ़्ते पेंटागन के एक अन्य पूर्व प्रवक्ता ने इस्तीफा दे दिया, हालाँकि अधिकारियों ने कहा है कि उनके जाने का लीक जाँच से कोई संबंध नहीं था।

> "सिग्नल एक मैसेजिंग ऐप है जिसकी मदद से आप टेक्स्ट मैसेज, वॉयस कॉल, और वीडियो कॉल कर सकते हैं। यह ऐप एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन का इस्तेमाल करता है। यह ऐप दूसरे मैसेजिंग ऐप्स की तरह यूजर के किसी भी डेटा को स्टोर या ट्रैक नहीं करता। यह ऐप थोड़े समय में खुद ही मैसेज को डिलीट कर देता है। इसमें संदेशों को समय अवधि के बाद गायब होने के लिए सेट किया जा सकता है। अमेरिका में क्लासीफाइड इंफार्मेशन शेयरिंग के लिए कई टेक्नोलाजी का इस्तेमाल होता है। लेकिन उनमें सिग्नल एप अप्रूव नहीं है। सीक्रेट टॉक के लिए उनका अलग सिस्टम है।

# इजराइल ने माना-15 मेडिकल स्टाफ की हत्या गलती से हुई

## कहा- सैनिकों से चूक हुई; गाजा में एम्बुलेंस, फायर ट्रक पर गोलियां चलाई थीं



एजेंसी

तेल अवीव, इजराइल ने गाजा में पिछले महीने 15 मेडिकलकर्मियों की मौत के मामले में अपनी गलती मानी है। इजराइल डिफेंस फोर्सस ने कहा कि सैनिकों से पेशेवर गलतियां हुई हैं। इसके मद्देनजर एक अधिकारी को बर्खास्त किया गया है। इजराइली सैनिकों ने 23 मार्च को एम्बुलेंस, फायर ट्रक और संयुक्त राष्ट्र के वाहन पर गोलियां चलाई थीं। इसमें 15 लोगों की मौत हो गई थी। इजराइल ने बाद में दावा किया कि इनमें से 6 हमास के सदस्य थे। इजराइल की जांच रिपोर्ट में कहा कि गया है कि सैनिकों ने आचार संहिता का उल्लंघन नहीं किया था। गाजा में शुक्रवार सुबह इजराइली एयरस्ट्राइक में अब तक 90 लोगों की मौत हो गई, जबकि सैकड़ों घायल हैं। गाजा सरकार के मुताबिक बीते 18 महीने की लड़ाई में अब तक गाजा के 61 हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। वहीं वठ ने चेतावनी देते हुए कहा कि गाजा में हजारों लोग पर भूखे मरने का जोखिम है। गाजा में लगातार इजराइली गोलीबारी, हवाई हमले और नाकाबंदी की वजह से लोग मानसिक तौर पर बुरी तरह से टूट चुके हैं। कई लोगों अपने बच्चों को पेट भर खाना खिलाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। न्यूज एजेंसी वफा के मुताबिक इजरायली सैनिकों वेस्ट बैंक में हेब्रोन के फव्वार रिफ्यूजी कैंप में 8 फिलिस्तीनियों को गिरफ्तार किया। सैनिकों ने यहां कई घरों पर छापे मारे गए और संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया और तोड़फोड़ की। वर्ल्ड हेरिटेज साइट को निशाना बना रहा इजराइल दक्षिणी गाजा में कुवैती हॉस्पिटल के चाइल्ड रोग एक्सपर्ट हेजम मुसलेह ने मीडिया को बताया कि इजराइली हमलों की वजह से बच्चों को गंभीर स्वास्थ्य संकट का सामना करना पड़ रहा है। दूसरी तरफ ग्लोबल हेरिटेज डे पर ह्यूमन राइट्स ग्रुप अल-हक ने बताया कि इजराइल सेना ने कई फिलिस्तीनी सांस्कृतिक स्थलों को निशाना बनाया है, जिनमें कुछ को यूनेस्को ने वर्ल्ड हेरिटेज साइट के तौर पर लिस्ट किया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक वेस्ट बैंक के उत्तरी बेथलहम में स्थित अल-मखरौर इलाका जिसे 2014 में यूएन की वर्ल्ड हेरिटेज लिस्ट में जोड़ा था पर भी इजराइली कब्जे का खतरा बढ़ता जा रहा है। इजराइल ने गाजा के राफा को घेरा इजराइली सेना ने राफा का बाकी गाजा से संपर्क काट दिया है। रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने 12 अप्रैल को इसकी पुष्टि की। उन्होंने कहा कि इजराइली डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने मोराग कॉरिडोर पर कब्जा कर लिया है, जिससे राफा का गाजा पट्टी से संपर्क टूट गया है। मोराग कॉरिडोर दक्षिणी गाजा में एक रास्ता है जो उसे गाजा पट्टी से अलग करता है। काट्ज ने गाजा के लोगों को धमकी देते हुए कहा कि यह हमास को भगाने और सभी बंधकों को रिहा कर जंग को खत्म करने का आखिरी मौका है।

# यूएस में गूंजा ट्रम्प को हटाओ, नहीं थम रहा है प्रदर्शन




एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों के खिलाफ अमेरिका के सभी 50 राज्यों में हजारों अमेरिकी सड़कों पर उतरे। ये प्रदर्शनकारी ट्रंप की प्रवासी विरोधी पॉलिसी, टैरिफ नीति और सरकारी नौकरियों में छंटनी का विरोध कर रहे थे। इन प्रदर्शनों को ट्रिस ऑक नाम दिया गया है। 50 राज्यों के हजारों लोगों ने इसमें हिस्सा लिया। वे प्रदर्शन नगरेकों के अधिकारों, आजीविका और अमेरिकी लोकतंत्र के मूलभूत बंचे को खतरा माने जाने वाले मुद्दों पर हो यो है। जैक्सनविले से लॉस एंजिलिस तक पूरे अमेरिका में 700 से अधिक प्रदर्शन हुए। लोकतांत्रिक मूल्यों पर 'खतरा' मंडराने के आरोप लगाते हुए राष्ट्रपति के आवास वाइट हाउस को भी घेरा गया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने 'केस्र्ॉ & फोङ्क्ष्पी' और 'तानाशाही का विरोध करो' जैसे नारों वाले पोस्टर और वैनर लहराए। ट्रंप की तुलना जर्मन तानाशाह हिटलर से की गई। ट्रंप विरोधी इस आंदोलन को '50501' नाम दिया गया। इसका मतलब '50 विरोध प्रदर्शन, 50 राज्य, 1 आंदोलन' है। लोग नारे लगा रहे थे- यह नारा अमेरिका की इमिग्रेशन एजेंसी के विरोध में था, जो अवैध प्रवासियों को हिरासत में लेती है। प्रदर्शन में अमेरिकी कुशलता आयोग के प्रमुख इलॉन मस्क की आक्रामक नीतियों की भी भर्त्सना की गई। मस्क का यह विभाग लगातार सरकारी विभागों में छंटनी कर रहा है। ट्रंप प्रशासन ने इलॉन मरक के नेतृत्व में सरकारी दक्षता विभाग के तहत 200,000 से अधिक केंद्रीय नौकरियों को खत्म कर दिया। एनवाईटी की रिपोर्ट के मुताविक, यह सामाजिक सुरक्षा, राष्ट्रीय उद्यानों और अन्य सेवाओं को प्रभावित कर रहा है। प्रदर्शनकारी इन कटतियों को आवश्यक सेवाओं को खत्म करने वाला मानते हैं, विशेष रूप से बजुर्ग और विकलांग जो सामाजिक सुरक्षा पर ही निर्भर हैं।

# महाकुंभ के दौरान योगी को पीएम उम्मीदवार घोषित करने का था प्लान

## अखिलेश यादव का बड़ा दावा



एजेंसी

योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार पर तीखा हमला करते हुए समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा पर धार्मिक महाकुंभ मेले को राजनीतिक तमाशा बनाने का आरोप लगाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस आयोजन को बेहद खराब तरीके से प्रबंधित किया गया और इसे पक्षपातपूर्ण हितों की पूर्ति के लिए फिर से इस्तेमाल किया गया। उन्होंने यहां तक संकेत दिया कि इस उत्सव में अगले प्रधानमंत्री की घोषणा करने की योजना थी। इस आयोजन को राजनीतिक बताते हुए कन्नौज के सांसद ने प्रयागराज में संवाददाताओं से कहा, जहां वे एक शादी में शामिल होने गए थे। उन्होंने कहा, महाकुंभ की विफलता के लिए मुख्यमंत्री खुद जिम्मेदार हैं। उन्होंने इसे भाजपा के कार्यक्रम में बदलने का प्रयास किया। प्रधानमंत्री के नाम की घोषणा करने की भी योजना थी। यह धार्मिक कुंभ नहीं था, बल्कि राजनीतिक था। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, ऐसा सुनने में आ रहा है कि महाकुंभ के दौरान प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के तौर पर उनके (आदित्यनाथ) नाम की घोषणा करने की योजना थी। उन्होंने दावा किया, क्या आपने कभी कुंभ के दौरान टीवी चैनलों को साक्षात्कार देते देखा है? यहां ऐसी व्यवस्था की गई थी। इस पूरे कुप्रबंधन ने आयोजन के आयोजन पर एक बड़ा धब्बा लगा दिया है। यादव ने कहा कि भविष्य में, आप और भी बेहतर समझेंगे। कई बातें शायद मुझ तक न पहुंचें, लेकिन आप यहां रहते हैं - आप सच्चाई जानते हैं। सपा प्रमुख ने यह भी कहा कि विपक्षी दल भारत 2027 के यूपी विधानसभा चुनाव में भी जारी रहेगा। उन्होंने भाजपा पर हमला करते हुए आरोप लगाया कि वह वक्फ (संशोधन) विधेयक के जरिए माफिया की तरह जमीन हड़पने की कोशिश कर रही है। यादव ने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) भाजपा को राज्य से उखाड़ फेंकेगा। सपा प्रमुख ने दावा किया कि सरकार ने घटना के दौरान हताहतों की संख्या और वित्तीय लाभ के बारे में गलत आंकड़े दिए

> उन्होंने आरोप लगाया कि इस आयोजन को बेहद खराब तरीके से प्रबंधित किया गया और इसे पक्षपातपूर्ण हितों की पूर्ति के लिए फिर से इस्तेमाल किया गया। उन्होंने यहां तक संकेत दिया कि इस उत्सव में अगले प्रधानमंत्री की घोषणा करने की योजना थी।

# हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार पूछा- राहुल गांधी भारतीय हैं या नहीं

## नागरिकता मामले में मांगा जवाब, कहा- साफ करें अपना रुख

> गृह मंत्रालय ने हाईकोर्ट में बताया था कि उन्होंने यूके सरकार को लेटर लिखा है। यूनियन ऑफ इंडिया की ओर से पेश वकील ने कहा- समय दिया जाए। पूरे मामले में क्या जांच हो रही है। इसकी पूरी रिपोर्ट 8 सप्ताह में तैयार करके पेश करेंगे।



एजेंसी

लखनऊः इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने सोमवार को राहुल गांधी की नागरिकता से जुड़े मामले में एक अहम आदेश दिया. इलाहबाद हाईकोर्ट ने पूछा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी भारतीय नागरिक हैं या नहीं. अदालत ने केंद्र सरकार को 10 दिन के भीतर अपना रुख स्पष्ट करने को कहा है.जस्टिस एआर मसूदी और जस्टिस अजय कुमार श्रीवास्तव प्रथम की खंडपीठ ने सोमवार को मामले की सुनवाई की. सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने स्टेटस रिपोर्ट पेश की. इस पर अदालत ने कहा कि वह सिर्फ यह जानना चाहते हैं कि राहुल गांधी नागरिक हैं या नहीं.केंद्र सरकार ने स्टेटस रिपोर्ट देने के लिए अतिरिक्त समय मांगा. यह मामला एस विग्नेश शिशिर की ओर से दायर जनहित याचिका पर आधारित है. इस केस की अगली सुनवाई 5 मई को होगी. इससे पहले इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में 24 मार्च को सुनवाई थी.जस्टिस एआर मसूदी और जस्टिस अजय कुमार श्रीवास्तव की खंडपीठ ने राज्य सरकार को चार सप्ताह में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का आदेश दिया था. केंद्रे सरकार ने 8 सप्ताह का समय मांगा था. इसके बाद 21 अप्रैल सुनवाई की तारीख तय की गयी थी.

### भारत, अमेरिका के बीच अक्टूबर तक व्यापार समझौते के पहले चरण पर हस्ताक्षर की उम्मीद: सीतारमण

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को कहा कि अमेरिका की नयी सरकार के साथ भारत सक्रिय रूप से बातचीत कर रहा है। उन्होंने यह उम्मीद भी जताई कि दोनों देशों के बीच इस साल सितंबर-अक्टूबर तक द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण पर हस्ताक्षर हो जाएंगे। उन्होंने यहां भारतीय प्रवासियों के साथ बातचीत में कहा, हम उन देशों में शामिल हैं

**पश्चमि रेलवे**

**वार्षिक रखरखाव अनुबंध**

सीनियर डीईई/टीआरएस/बीएल इलेक्ट्रिक लोको शेड, वलसाड 396001 (गुजरात), ई-टेंडर आमंत्रित करता है सूचना संख्याः ईएल/टीआरएस/बीएल/23-24/डब्लूयूओ/10आर3, दिनांकः 15.04.2025। **कार्य और स्थानः** 2 वर्ष की अवधि के लिए एएमसी के दौरान स्पेयर पार्ट्स के प्रतिस्थापन सहित इलेक्ट्रिक लोको कैब रूफ माउंटेड एयर कंडीशनर का वार्षिक रखरखाव अनुबंध। **कार्य की अनुमानित लागतः** 34,60,139.23। **ईएमडीः** 69.200/- । **जमा करने की तिथि और समयः** 07.05.2025, 12:00 बजे तक। **खोलने की तिथि और समयः** 07.05.2025 को 12:30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं।
0070
facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

विभिन्न कार्य

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर (निर्माण) पश्चिम रेलवे, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, एनेक्सी बिल्डिंग तृतीय तल दो बत्ती रतलाम (म.प्र.) 457 001, ई-निविदा आमंत्रित करता है **सूचना क्रमांकः** ईएल-सी-आरटीएम-2024-09-आरटी, **दिनांकः** 18.04.2025। **कार्य का नामः** पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल में धार इंदौर नई बी.जी. लाइन के संबंध में 132 केवी एमपीपीटीसीएल सब-स्टेशन तीसगांव से रेलवे टीएसएस धार तक डबल सर्किट टावर पर 132 केवी ईएचवी 30, एस/सी ट्रांसमिशन लाइन की डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं कमीशनिंग तथा तीसगांव सब-स्टेशन पर 132 केवी बे विस्तार कार्य। **अनुमानित मूल्यः** 9,55,21,629.98। **बोली जमाः** 6,27,600/-। **ऑनलाइन बोली आरंभ तिथिः** 28.04.2025. **निविदा समापन तिथिः** 12.05.2025 15:00 बजे तक. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाए
0069
facebook.com/WesternRly

# दशकों तक सत्ता पर राज करने वाले राजशाही परिवार के युवराज को...



एजेंसी

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भारत के चुनाव आयोग पर तीखा हमला करते हुए इसे समझौतावादी बताया और आरोप लगाया कि व्यवस्था में कुछ बहुत गड़बड़ है। इसके बाद से लगातार भाजपा कांग्रेस नेता पर हमलावर है। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने ट्वीट कर कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर विदेशी धरती से हमारे चुनाव आयोग की विश्वसनीयता पर सवाल उठाया है। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि जब भी राहुल गांधी विदेश में होते हैं, तो वे भारत और भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के प्रति अपने घृणित विचार साझा करने से नहीं चूकते। धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी जी ने एक बार फिर विदेश की धरती से चुनाव आयोग की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े किए हैं। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि जब भी राहुल गांधी जी विदेश में होते हैं, वह भारत और भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के प्रति अपनी नफरती सोच साझा करने से नहीं चूकते हैं। दरअसल, दशकों तक सत्ता पर राज करने वाले 'राजशाही' परिवार के 'युवराज' को भारत की गौरवशाली लोकतांत्रिक परंपराओं की वैश्विक स्तर पर मिल रही पहचान से चिढ़ है। यही वजह है कि वह देश और देशवासियों को अपमानित करने का कोई मौका नहीं छोड़ते। उन्होंने कहा कि देश ही नहीं अपितु विश्व भी हमारे महान लोकतांत्रिक मूल्यों और उसकी विश्वसनीयता में यकीन रखता है। मगर, लगातार मिल रही पराजय की बौखलाहट राहुल गांधी जी के चेहरे पर स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ रही है।

**महाराष्ट्र शासन**

**लोक निर्माण विभाग**

**कार्यकारी अभियंता, प्रेसीडेंसी डिवीजन,**

**दूसरी मंजिल बंधकम भवन फोर्ट, मुंबई - 400 001।**

Email: presidency.ee@mahapwd.com 22016975/77 $22016973

**ई-निविदा सूचना संख्या 03 2025-26**

कार्यकारी अभियंता, प्रेसीडेंसी डिवीजन, द्वितीय तल, बांधकाम भवन, 25 मर्जबान रोड, फोर्ट, मुंबई 400 001 टेलीफोन नंबर 22016975/77 फैक्स नंबर 22016973 द्वारा महाराष्ट्र के लोक निर्माण विभाग में अनुभवी ठेकेदारों और आपूर्तिकर्ताओं से निम्नलिखित कार्य के लिए 'बी -1' फॉर्म में ऑनलाइन ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं

**कार्य का नामः-**

1. धारावी कार्यालय और परिसर, फोर्ट मुंबई में मार्ग और शौचालय ब्लॉक की वार्षिक हाउसकीपिंग। (अनुमानित लागत रु. 9,66,836/-)
2. फोर्ट मुंबई में टाउन हॉल बिल्डिंग परिसर, मार्ग और शौचालय ब्लॉक की वार्षिक हाउसकीपिंग। (अनुमानित लागत रु. 22,72,985/-)
3. फोर्ट मुंबई में सरकारी रेस्ट हाउस और एचआरसी, एमएसी, एसआईएसी परिसर की वार्षिक हाउसकीपिंग। (अनुमानित लागत रु. 23,45,631/-)
4. फोर्ट मुंबई में एनसहटमेंट परिसर और शौचालय ब्लॉक की वार्षिक हाउसकीपिंग। (अनुमानित लागत रु. 21,56,068/-)
5. बेल हेवन बिल्डिंग मुंबई की वार्षिक हाउसकीपिंग। (अनुमानित लागत रु. 40,50,339/-)

ई-टेंडर उपलब्ध तिथिः- 21.04.2025 से 29.04.2025
ई-टेंडर खोलने की तिथि (यदि संभव हो) :- 30.04.2025
सभी विस्तृत जानकारी निम्नलिखित वेबसाइटों पर उपलब्ध है। विवरण के लिए वेबसाइट पर जाएँः 1) http://mahapwd.com 2) http://mahatenders.gov.in

क्रमांक ईई/पीडी/स्टोर/ई-निविदा सूचना/4170
कार्यकारी अभियंता का कार्यालय,
प्रेसीडेंसी डिवीजन, दूसरी मंजिल, बंधकम भवन,
25वीं मार्जबान रोड, फोर्ट, मुंबई।

**(वी.ए.पाटस्कर) कार्यकारी अभियंता**
**प्रेसीडेंसी डिवीजन मुंबई**

DGIPR/2025-26/307

## संक्षेप

### अवैध खनन से बने गड्ढे में डूबकर बच्ची की मौत

**बांदा में केन नदी के किनारे हुआ हादसा, परिवार में कोहराम**

बांदा, केन नदी किनारे अवैध खनन से बने गड्ढे में डूबने से 7 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। मृतक बच्ची की पहचान चटचटगन गांव निवासी खुशबू के रूप में हुई है। वह रमइया निषाद की पुत्री थी। घटना उस समय हुई जब खुशबू मवेशियों को पानी पिलाने केन नदी गई थी। नदी में नहाते समय उसका पैर फिसल गया और वह मोरम खनन से बने गहरे गड्ढे में डूब गई। पास में मौजूद उसके चचेरे भाई मुकेश ने शोर मचाया। आवाज सुनकर खुशबू की बड़ी मां संपत और आसपास खेतों में काम कर रहे लोग मौके पर पहुंचे। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद खुशबू को पानी से बाहर निकाला गया। परिजन उसे तुरंत जिला अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका के चचेरे भाई मदन कुमार ने बताया कि मरौली खंड पांच में मोरम माफियाओं ने बालू निकालने के लिए जेसीबी से गहरे गड्ढे खोद रखे हैं। इन गड्ढों में पानी भरा रहता है, जिससे इनकी वास्तविक गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता। खुशबू दो बहनों में बड़ी थी और उसके पिता मजदूरी करके परिवार का पालन-पोषण करते हैं।

### किशोरी का सुसाइड

**घर वालों से हुआ था झगड़ा, नाराज होकर घर से निकली, ट्रैक के आगे कूदकर जान दी**

अमरोहा, गजरौला थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। मोहल्ला मायापुरी निवासी रतन राम की पुत्री भावना ने रविवार रात परिवार से हुए विवाद के बाद ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। भावना का परिवार में किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। इससे नाराज होकर वह घर से चली गई। भावना गांव अहरौला तेजवन के पास पहुंची और वहां ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने कराई शिनाख्त परिवार के लोगों ने भावना की काफी तलाश की। लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। कुछ स्थानीय लोगों ने रेलवे ट्रैक पर एक शव पड़े होने की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान भावना के रूप में की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। भावना की मौत की खबर सुनते ही परिवार के लोग बेहाल हो गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### तेंदुए का आतंक

**खेत में गेहूं की कटाई कर रहे किसान पर हमला, चेहरे और हाथ पर गंभीर चोट**

अमरोहा, मंडी धनौरा थाना क्षेत्र के देहरा खादर बक्श गांव में तेंदुए ने किसान पर हमला कर दिया। गेहूं की कटाई के लिए खेत गए किसान केसरी को तेंदुए ने अपना शिकार बनाया। हमले में किसान के चेहरे और हाथ पर गंभीर चोट आई हैं। किसान ने जैसे ही तेंदुए को देखा, उसने शोर मचाया। इस पर ग्रामीणों ने तेंदुए का पीछा किया। तेंदुए ने इसी दौरान केसरी पर हमला कर दिया। हमले के बाद तेंदुआ पास के खेत में छिप गया। घायल किसान को पहले सरकारी अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# ईसीसी कॉलेज में छात्रों का विरोध प्रदर्शन

## प्रिंसिपल, प्रबंधक और ऑफिस रूम को अंदर से बंद कर दिया गया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज, ईसीसी (यूइंग क्रिश्चियन कॉलेज) में एनसीसी छात्र अमन यादव की मौत के बाद सोमवार को कॉलेज परिसर में बड़ा विरोध प्रदर्शन हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने असिस्टेंट नेवी ऑफिसर अजीन रे को पद से हटाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। प्रिंसिपल, प्रबंधक और ऑफिस रूम को अंदर से बंद कर दिया गया जिससे छात्र अंदर प्रवेश न कर सकें। छात्र अमन यादव की मौत के मामले में आंदोलन कर रहे हैं छात्रों ने कहा कि कौन सी ऐसी अथॉरिटी प्रशासन के पास है जो कमेटी बनाकर जांच कर रही है। यह काम पुलिस विभाग का ही ना कि कॉलेज प्रशासन का। मृतक छात्र के परिजन थाना मुट्ठीगंज पहुंचे। उनके कॉलेज जाकर प्रिंसिपल और अन्य प्रोफेसर्स से मिलने की योजना है।



कॉलेज प्रशासन ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए भारी पुलिस बल की मांग की। मौके पर पहुंची पुलिस कॉलेज प्रशासन के साथ वार्ता कर रही है। एनसीसी छात्र अमन यादव की डूबने से मौत को लेकर छात्रों का आक्रोश अंदर ही अंदर धधक रहा था। सोमवार सुबह बड़ी संख्या में छात्र ईसीसी कॉलेज कैंपस पहुंच गए। छात्रों ने नारेबाजी कर हंगामा शुरू कर दिया। पूरे कालेज कैंपस में घूम घूमकर नारेबाजी करने लगे। 50 लाख के मुआवजे की मांग छात्रों के हंगामे की वजह से क्लास रूम शुरू नहीं हो सकी। गुस्साए छात्र प्रिंसिपल रूम के बाहर धरने पर बैठ गए। उनकी मांग है कि अस्सिटेंट नेवी अफसर अजीम रे को कॉलेज से हटाया जाए और उनकी गिरफ्तारी की जाए। छात्र अमन यादव के लिए 50 लाख रुपये मुआवजे की मांग कर रहे हैं। ईसीसी के कई छात्र नेता कालेज पहुंच आंदोलन कर रहे छात्रों का समर्थन कर रहे हैं। इलाहाबाद यूनिवर्सिटी के पूर्व छात्र नेता कपिल त्रिपाठी ने कहा कि छात्र अमन यादव की मौत का जिम्मेदार कॉलेज प्रशासन है। बिना सेफ्टी के छात्र अमन को यमुना में कुदाया गया था। कॉलेज प्रशासन अजीन रे के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाए और उसे जेल भेजा जाए।

साथ ही 50 लख रुपए मुआवजे के तौर पर मृतक के परिजनों को दिया जाए यही हमारी मांग है। छात्रों का हंगामा देखते हुए पुलिस ने कॉलेज प्रशासन से जुड़े अधिकारियों, कर्मचारियों को वहां से सुरक्षित निकालना शुरू कर दिया है। मुट्ठीगंज, कीडगंज, अतरसुइया थाने की फोर्स कालेज कैंपस में मौजूद है। अधिकारी छात्र के परिजनों को सझाने की कोशिश कर रहे हैं।

# मेजा के कृष्ण मृग संरक्षण केंद्र में हालात खराब

## पानी की कमी से तड़पते हिरण, करोड़ों का बजट फिर भी व्यवस्था चौपट

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज,40 किलोमीटर दूर मेजा तहसील के चांद खमरिया स्थित कृष्ण मृग संरक्षण परिसर में हिरणों की स्थिति दयनीय हो गई है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें एक हिरण को भीषण गर्मी में पानी की कमी से तड़पते हुए देखा जा सकता है। वन विभाग ने एक साल पहले हिरणों की देखभाल के लिए करोड़ों रुपये खर्च किए थे।

लेकिन मौके पर न तो पानी की व्यवस्था है और न ही चारे की। वन क्षेत्राधिकारी और अन्य कर्मचारियों की लापरवाही स्पष्ट दिख रही है। वायरल हुए वीडियो में हिरण को जमीन पर गिरते हुए देखा जा सकता है। आश्चर्य की बात है कि मौके पर एक भी वन कर्मचारी मौजूद नहीं था। संरक्षण केंद्र में बुनियादी सुविधाओं की कमी से न केवल स्थानीय अधिकारियों बल्कि राज्य सरकार की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं।



# जमीनी विवाद में हिंसक झड़प

**दरवाजा खोलने को लेकर दो पक्षों में मारपीट, 9 लोग घायल**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, कमरौली थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। लाला का पुरवा डुडेहरि गांव में सत्यनारायण और माताफेर के बीच चल रहे जमीनी विवाद में दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। सत्यनारायण अपने कच्चे मकान को तोड़कर नया मकान बनवा रहे थे। इस दौरान उन्होंने एक दरवाजा विपक्षी माताफेर की जमीन की तरफ खोल दिया। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद शुरू हो गया। देखते ही देखते दोनों पक्षों में लाठी-डंडे और लात-घूंसे चलने लगे। दोनों पक्षों से लोग घायल इस हिंसक झड़प में दोनों पक्षों के कुल 9 लोग घायल हो गए। सूचना मिलते ही कमरौली पुलिस मौके पर पहुंची। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना अध्यक्ष अभिनेष कुमार ने बताया कि सत्यनारायण द्वारा माताफेर की जमीन की तरफ जबरन दरवाजा खोलने का प्रयास किया जा रहा था। पुलिस ने शुरू की जांच एक पक्ष की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। दूसरा पक्ष भी शिकायत दर्ज कराने की तैयारी में है। पुलिस मामले में विधिक कार्रवाई कर रही है।



# फुले-सावित्री बाई की बायोपिक पर सेंसर बोर्ड की रोक

## सुल्तानपुर में आप ने सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन, फिल्म रिलीज की मांग की

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

सुलतानपुर, आम आदमी पार्टी ने महात्मा ज्योतिबा फुले और माता सावित्री बाई फुले की जीवनी पर आधारित फिल्म पर सेंसर बोर्ड द्वारा लगाई गई रोक का विरोध किया है। पार्टी के जिलाध्यक्ष बृजेश प्रजापति के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने विरोध प्रदर्शन किया। पार्टी के महासचिव रामबिलास तिवारी ने बताया कि राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट विदुषी सिंह को सौंपा गया। ज्ञापन में तीन प्रमुख मांगें की गईं। पहली मांग में सेंसर बोर्ड द्वारा फिल्म पर लगाई गई रोक को तुरंत हटाने का निर्देश देने की बात कही गई। दूसरी मांग अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और इतिहास के सही चित्रण को सुनिश्चित करने की थी। तीसरी मांग में सरकार से ऐसे महापुरुषों के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने में सकारात्मक भूमिका निभाने का आग्रह किया गया। इस विरोध प्रदर्शन में मीडिया प्रभारी अनुज दुबे, जिला उपाध्यक्ष सुरेश चंद्र गौतम, पवन दुबे, वसीद अहमद और आस मोहम्मद सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# दो ई-रिक्शा भिड़े




**मार्ग परिवर्तन से एक ही रूट पर वाहन चलने से हादसा, 6 लोग घायल**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र में अयोध्या रोड पर शांति भवन के पास दो ई-रिक्शा आमने-सामने टकरा गए। हादसे में दो महिलाओं समेत 6 लोग घायल हो गए। समय हुए इस हादसे में दोनों ई-रिक्शा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत घायलों की मदद की और पुलिस को सूचना दी। जगदीशपुर कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को जगदीशपुर ट्रामा सेंटर पहुंचाया। घायलों में 50 वर्षीय शांति देवी, 50 वर्षीय रजिया बानो, 20 वर्षीय अमरीन, 23 वर्षीय जय करन, 34 वर्षीय राकेश यादव और 23 वर्षीय एहसान हैदर शामिल हैं। इनमें से दो की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। हादसे का कारण अयोध्या जाने वाले मार्ग की मरम्मत कार्य है। मार्ग परिवर्तन के चलते एक ही रास्ते से वाहनों का आवागमन हो रहा था। इसी दौरान दोनों ई-रिक्शा आमने-सामने आ गए और टकरा गए। सभी घायलों का ट्रामा सेंटर में इलाज जारी है।

# पेड़ से टकराई बारातियों की कार

## तेज रफ्तार वाहन में लगी आग, 5 लोग घायल; ग्रामीणों ने शीशा तोड़कर बचाई जान

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, मुंशीगंज थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। मुंशीगंज-मुसाफिरखाना मार्ग पर भुसियांवा गांव के पास बारातियों से भरी एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार में आग लग गई। गड़ेरी गांव निवासी आदर्श शुक्ल अपने चार दोस्तों के साथ शाहगढ़ के तुलसीपुर गांव में एक विवाह समारोह में जा रहे थे। भुसियांवा स्थित लक्ष्मी धर्मकांटा के पास उनकी कार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गई। कार के टकराने की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। उन्होंने तुरंत जलती हुई कार का शीशा तोड़कर सभी पांच लोगों को बाहर निकाला। हादसे में आदर्श शुक्ल, भवानी यादव समेत पांच लोग घायल हो गए। जिला अस्पताल भेजा गया सूचना मिलते ही मुंशीगंज थाने के प्रभारी निरीक्षक शिवाकांत त्रिपाठी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। सभी घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा गया। फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। पुलिस के अनुसार सभी घायल अमेठी कोतवाली क्षेत्र के गड़ेरी गांव के रहने वाले हैं।



# कारोबारी ने रची बेटे के अपहरण की साजिश

## 5 लाख के कर्ज से बचने के लिए रचा ड्रामा; सीसीटीवी से पकड़े गए

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अलीगढ़, गुड़ कारोबारी ने खुद अपने बेटे के अपहरण की साजिश रची थी। बेटा भी इस साजिश में शामिल था। पुलिस ने सोमवार को बेटे को जयपुर रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया। साथ ही कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया। कारोबारी ने पुलिस को बताया कि उस पर 5 लाख रुपए का कर्ज था। कुछ लोग रोजाना अपने पैसे मांगने उसके घर आते थे। इन लोगों से बचने के लिए उसने अपने बेटे के साथ मिलकर किडनैपिंग का प्लान बनाया। पिता-पुत्र के खिलाफ पुलिस को गुमराह करने, सरकारी धन का दुरुपयोग कराने को लेकर मुकदमा दर्ज किया गया है। गुड़ व्यापारी ने बनाई झूठी कहानी अलीगढ़ के रहने वाले गुड़ व्यापारी नवाब सिंह ने बताया कि उसका शहर में ही गुड़ का कारोबार है। आसपास के जिलों में भी वह व्यापार करता है। यहां के कलक्टर गंज इलाके में वह अक्सर पैसे लेने के लिए आता रहता है। पैसे लेने के लिए कभी-कभी अपने बेटे को भी भेज देता है। नवाब सिंह ने पुलिस को बताया कि उसका बेटा सोनू सिंह तगादे के लिए अलीगढ़ से मथुरा गया था। इस दौरान उसने व्यापारियों से 3 लाख रुपए भी इकट्ठे कर लिए। लेकिन, बेटा पैसे लेकर घर नहीं पहुंचा। इसके बाद बेटे को फोन मिलाया तो वह स्विच ऑफ जा रहा था। इसके बाद नवाब सिंह अपने बेटे की खोजबीन के लिए मथुरा पहुंचा। वहां ढूंढने के दौरान बेटे की बाइक लक्ष्मीनगर के धोबी घाट के पास मिली। इसके बाद नवाब सिंह ने पुलिस को सूचना दी और बेटे के अपहरण की आशंका जताई ।उसके बेटे सोनू के मोबाइल नंबर से नवाब के मोबाइल नंबर पर मैसेज आया। इसमें बदमाशों ने उसके बेटे का अपहरण करने की बात कही।

बेटे को छोड़ने के लिए 15 लाख रुपए की फिरौती मांगी। फिरौती न देने पर बेटे को जान से मारने की धमकी भी दी।

पुलिस ने 40 से ज्यादा सीसीटीवी खंगाले इसके बाद पुलिस ने कोतवाली से लेकर जमुनापार थाना क्षेत्र में 40 से ज्यादा सीसीटीवी खंगाले। सोनू के मोबाइल नंबर की लोकेशन और कॉल डिटेल की जानकारी निकाली।




# दोस्त ने 1000 रुपए के लिए दोस्त को मार डाला

## अमेठी में दोनों ने साथ बैठकर पहले शराब पी, रुपए वापस मांगने पर झगड़ हुआ; आरोपी गिरफ्तार

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, सड़क किनारे मिले युवक के शव मामले में पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने 24 घंटे के भीतर ही हत्या आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर मृतक का मोबाइल फोन भी बरामद कर लिया है। कस्बा गौरीगंज के धुलाई सेंटर के पास एक युवक का शव मिला था। मृतक की पहचान चन्द्रकुमार उर्फ बब्बन (निवासी गौरीगंज) के रूप में हुई थी। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की और कुछ ही घंटों में हत्यारे तक पहुंच गई। पुलिस ने आरोपी विशाल कनौजिया उर्फ छोटे (23) को मनीपुर तिराहे के पास से गिरफ्तार किया। दोनों दोस्तों ने साथ बैठकर पहले शराब पी पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने और चन्द्रकुमार ने साथ बैठकर शराब पी थी। इसी दौरान विशाल ने चन्द्रकुमार से पहले दिए गए 1000 वापस मांगे। पैसे की बात करने दोनों कार वाशिंग सेंटर के पास पहुंचे, जहां कहासुनी के बाद चन्द्रकुमार ने गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी। आरोपी विशाल ने बताया कि गुस्से में आकर उसने पास पड़ी एक नुकीली ईंट से चन्द्रकुमार के गले पर वार किया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हत्या के बाद आरोपी कुछ देर तक वहीं खड़ा रहा वारदात के बाद वह कुछ देर वहीं रुका रहा और फिर भाग गया।



# रेलवे स्टेशन पर मिला शव

## सिर पर चोट के निशान, ट्रेन से गिरकर जान जाने की आशंका

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मथुरा, रेलवे जंक्शन की आगरा लाइन पर एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। लाइनमैन ने इसकी सूचना जीआरपी थाना प्रभारी को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच की, लेकिन पहचान नहीं हो सकी। रेलवे लाइन के किनारे शव को देखकर बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। जीआरपी थाना प्रभारी निरीक्षक यादराम सिंह ने बताया कि मृतक की उम्र लगभग 52 वर्ष है। शव के सिर पर चोट के निशान मिले हैं। उन्होंने बताया कि ट्रेन से गिरकर मौत होने की संभावना है। मृतक की पहचान के लिए तलाशी ली गई, लेकिन कोई पहचान पत्र या अन्य सामान नहीं मिला। थाना प्रभारी के अनुसार, शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया गया है। मृतक की पहचान के लिए फोटो को सोशल मीडिया और अन्य प्लेटफॉर्म पर शेयर किया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण पता चल सकेगा।

# ई-रिक्शा चालकों का नगर पालिका पर हल्ला

## अवैध वसूली और मनमानी के खिलाफ प्रदर्शन, सैकड़ों चालक पहुंचे

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

सुलतानपुर, ई-रिक्शा चालकों ने अवैध वसूली के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेता रणजीत सिंह सलूजा के नेतृत्व में सैकड़ों चालकों ने बस स्टेशन से नगर पालिका तक रैली निकाली और नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। चालकों ने नगर पालिकाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल के कक्ष के सामने धरना दिया। उनकी प्रमुख मांगों में ई-रिक्शा चालकों से की जा रही अवैध वसूली पर तत्काल रोक लगाने, ठेकेदार पप्पू का ठेका रद्द करने और चालकों की लिखित सहमति के बिना दोबारा वसूली न करने की मांग शामिल है। प्रदर्शन का कारण शनिवार की रात की घटना भी बनी। वसूली नहीं मिलने पर ठेकेदार पप्पू के गुर्गों ने एक ई-रिक्शा चालक और सवारी की पिटाई कर दी थी। चालकों ने कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होंगी





स्वामी, प्रकाशक , मुद्रक अरविंद कुमार शर्मा द्वारा एफ एल टी ,एलजी 75 आर एम 4/4 इंदिरा नगर, सुंदर बाग,कुर्ला (प)मुंबई 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं AIS PRINTING SOLUTION प्लांट नं० -A-544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एम आई डीसी माहपे नवी मुंबई ,ठाणे 400709 से मुद्रित। संपादक - अरविंद कुमार शर्मा

EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173

संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001

संरक्षक- डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष (हिन्दी) इलाहाबाद विश्व विद्यालय, विशेष संवाददाता- आशीष कुमार शर्मा सह, सम्पादक- माता प्रसाद शर्मा, फिल्म- संपादक-जगन्नाथ तिवारी